Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 171 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 26 दिसम्बर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अपने जीवन में घुसी विदेशी सभ्यता को निकाल कर अपनी देशीय सभ्यता को आत्मसात करें।
We should assimilate our indigenous culture and drive our infiltrated foreign culture from our life.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### संध्या थिएटर भगदड़ मामला : अल्लू अर्जुन ने पीड़ित परिवार को 2 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी

**हैदराबाद (आरएनएस)।** पुष्पा 2 : द रूल के मेकर्स के साथ ही अभिनेता अल्लू अर्जुन ने 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में फिल्म के प्रीमियर शो के दौरान भगदड़ में दम तोड़ने वाली महिला और गंभीर रूप से घायल उनके बेटे की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। पीड़ित परिवार के लिए दो करोड़ रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है। यह घोषणा अल्लू अर्जुन के पिता और मशहूर निर्माता अल्लू अरविंद बुधवार को केआईएमएस अस्पताल में इलाज करा रहे भगदड़ में घायल श्री तेजा से मुलाकात के बाद की।

### अटल सुशासन समारोह में हितग्राहियों को सामग्री, उपकरण एवं प्रशस्ति पत्र का वितरित

**जशपुरनगर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर आज कुनकुरी के सलियाटोली स्टेडियम में आयोजित अटल सुशासन समारोह में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत सामग्री, उपकरण एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किए। जिला प्रशासन द्वारा महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, उघान विभाग, पशुपालन विभाग,समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, सहित अन्य विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित एक साल की उपलब्धियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई थी।


## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रद्धांजलि अर्पित की



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में सदैव अटल में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित सदैव अटल में श्रद्धांजलि अर्पित की.



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अवंति विहार चौक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया।

# छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप मनाया जाएगा : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती पर जशपुर के सराईटोली में आयोजित अटल सुशासन चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर के सराईटोली में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर आयोजित अटल सुशासन चौपाल में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के निर्माता श्रद्धेय अटल जी को छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से नमन किया। मुख्यमंत्री ने देश के निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप मनाया जाएगा। इस दौरान अधोसंरचना विकास के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य छत्तीसगढ़ उनकी ही देन है।उन्होंने कहा कि अटल जी हमेशा अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर अडिग रहते थे। आज पूरे प्रदेश में उनकी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अटल जी का मानना था कि छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा तो इस क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। यहां के निवासियों और जनजातियों को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे। उनकी प्रगति को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार समृद्ध और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के स्वप्न को पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में लगातार मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम राज्य सरकार कर रही है।

3100 रूपए प्रति क्विंटल एवं 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना में 70 लाख माताओं-बहनों को हर माह एक हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। रामलला दर्शन योजना के साथ अब तीर्थ यात्रा योजना भी जल्द शुरू की जाएगी। तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक की दर 4000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दी गई है। सीजीपीएससी घोटाले की जांच सीबीआई ने शुरू कर दी है।

### कुनकुरी के सलियाटोली में 726.27 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस, सुशासन दिवस के अवसर पर आज कुनकुरी के सलियाटोली में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 726.27 करोड़ रूपए की लागत के 172 निर्माण कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इनमें 65.94 करोड़ की लागत के 50 कार्यों का लोकार्पण और 660.33 करोड़ की लागत के 122 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने श्री बाजपेई के चित्र पर दीप प्रज्वलित कार्यक्रम की शुरुआत की।

# देश की बड़ी नदी परियोजनाओं के पीछे बाबासाहेब का विजन : प्रधानमंत्री मोदी

**प्रधानमंत्री ने अटल बिहारी की जयंती पर खजुराहो में केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना की आधारशिला रखी**



**खजुराहो (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अटल बिहारी जयंती के मौके पर मध्य प्रदेश के खजुराहो में केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना की आधारशिला रखी. राष्ट्रीय नदी जोड़ो नीति के तहत यह इस तरह का पहला प्रयास होगा. इस परियोजना के तहत मध्य प्रदेश के 10 जिलों में लगभग 44 लाख लोग और उत्तर प्रदेश के 21 लाख लोगों को पीने का पानी मिल सकेगा. इस परियोजना का अनुमानित खर्च 44,605 करोड़ रुपये है. इस मौके पर उन्होंने देश की बड़ी नदी परियोजनाओं का श्रेय डॉ. भीमराव अंबेडकर को देते हुए कहा आजादी के बाद की जल घाटी परियोजनाओं के पीछे उन्हीं का विजन था।

मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली केन-बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य को कई अन्य सौगातें भी दीं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी पर एक डाक टिकट और एक स्मारक सिक्का भी जारी किया जिनकी आज 100वीं जयंती है।

पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जहां उसकी सरकार है वहां सुशासन हो ही नहीं सकता। इसे बुंदेलखंड के लोगों ने भी वर्षों तक भुगता है। पीढ़ी दर पीढ़ी यहां के किसान, माता-बहनों ने बूंद बूंद पानी के लिए संघर्ष किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस ने जल संकट के स्थाई समाधान के बारे में सोचा ही नहीं, इसको समझा ही नहीं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जल संरक्षण का क्रेडिट एक ही व्यक्ति को देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया। देश की जल शक्ति, जल संसाधन, पानी के लिए बांधों के निर्माण का किसी एक महापुरुष को क्रेडिट जाता है तो वह डॉ. भीमराव अंबेडकर हैं। जल घाटी परियोजनाओं के पीछे उन्हीं का विजन था। आज जो केंद्रीय जल आयोग है इसके पीछे भी बाबासाहेब के ही प्रयास थे। कांग्रेस ने कभी जल संरक्षण से जुड़े प्रयासों के लिए, बड़े बांधों के लिए बाबासाहेब को श्रेय नहीं दिया।

# पुलिस भर्ती में गड़बड़ी के बाद हुआ क्विक एक्शन, राजनांदगांव में पुलिस भर्ती हो गई रद्द



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में पुलिस भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया है. पुलिस भर्ती में गड़बड़ी की गंभीर शिकायतों के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने पूरी प्रक्रिया रोकने के आदेश दिए हैं. पुलिस भर्ती प्रक्रिया में धांधली की शिकायत : राजनांदगांव में भर्ती प्रक्रिया में लगातार धांधली की बात सामने आ रही थी. इसे लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा भी था और बयान भी दिया था कि राजनांदगांव में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में धांधली की जा रही है. इसके बाद इस विषय की जांच शुरू हुई थी, जिसमें कई बिंदुओं पर गलतियां पाई गई थी. जांच के बाद गिरफ्तारी जारी : इस मामले में प्राथमिक जांच के बाद आरक्षक सहित कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें चार आरक्षकों में परिधि निषाद, योगेश कुमार धुर्वे, पवन कुमार साहू, नोटेश्वरी धुर्वे हैं, जो छत्तीसगढ़ पुलिस में आरक्षक हैं. इन्हें पहले गिरफ्तार किया जा चुका है. इसके अलावा दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनके बारे में कहा जा रहा है कि यह भर्ती प्रक्रिया में पैसे के लेनदेन की प्रक्रिया करते थे. बीते कल 24 दिसंबर को पुलिस ने एक महिला अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है. इस तरह कुल कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने का निर्देश : इन गिरफ्तारियां के बाद जांच प्रक्रिया को और तेज किया गया था और अब आज यानी 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृहमंत्री ने राजनांदगांव में पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से निरस्त करने का निर्देश जारी कर दिया है.

## आतिशी को गिरफ्तार करने का बनाया गया प्लान : केजरीवाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के मुताबिक मुख्यमंत्री आतिशी को गिरफ्तारी किया जा सकता है। केजरीवाल को ये भी आशंका है कि आप के कई वरिष्ठ नेताओं पर रेड डाली जा सकती है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा, महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से ये लोग बुरी तरह से बौखला गए हैं। अगले कुछ दिनों में फर्जी केस बनाकर आतिशी जी को गिरफ्तार करने का इन्होंने प्लान बनाया है। उसके पहले 'आप' के सीनियर नेताओं पर रेड की जाएगी।

# स्थाविर मुनि श्री 108 विहित सागर जी महाराज की समाधि : डोला में उमड़ा श्रद्धा से भरा जन समूह



**सटाणा (विश्व परिवार)।** सटाणा जिला नासिक महाराष्ट्र में आज प्रात: 8:00 से बुंदेलखंड के प्रथमाचार्य, राष्ट्र संत, भारत गौरव, उपसर्ग विजेता, समाधिस्थ गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक सुयोग्य शिष्य स्थविर छपकराज मुनि श्री 108 विहित सागर जी महाराज की सल्लेखना समाधि मरण पश्चात डोला यात्रा में संपूर्ण भारतवर्ष के कोने-कोने से हजारों की संख्या में धर्मावलंबियों ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित किया।

श्रद्धा भक्ति का अपार जनसैलाव में जय विराग के एवं णमोकार महामंत्र के उच्चारण से आकाश गूंजायमान हो रहा था एवं संपूर्ण धार्मिक वातावरण के चलते त्यागी भवन से विशाल डोला यात्रा नासिक रोड पावन खिण्ड परिसर पहुंची। डोला यात्रा के पश्चात धार्मिक विधि विधान पूर्वक अग्नि संस्कार संपन्न हुए।

परम पूज्य मुनि श्री विहित जी महाराज ने चारों प्रकार का आहार जल का त्याग कर दिया था। समय-समय पर परम पूज्य स्विविराचार्य श्री 108 संभव सागर जी, आचार्य श्री कुंथुसागर जी, आचार्य श्री देव नंदी जी, आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी, आचार्य श्री विभव सागर जी, आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी आदि महाराजो ने समय-समय पर समाधि संबोधन सुनाया। पूर्ण सचेत अवस्था में संलेखना समाधि मरण संपन्न हुआ। आपने 30 वर्ष की साधना काल में 2700 से अधिक उपवास किये। अंत समय तक औषधि के उपयोग से दूर रहे।

गुरु सेवा, वैयावृति जीवन का लक्ष्य रहा। संघ अनुशासन का स्वयं पालन करते और सबको कराते थे।

अरिहंत नगर छत्रपति संभाजी नगर चातुर्मास समिति अध्यक्ष महावीर की पाटनी, प्रसन्न भैया, भंवर लाल जी मालपुरा एवं समग्र जैन समाज सटाणा का सहयोग रहा। **-भरत सेठ पत्रकार, घुवारा**

## मुनि श्री विहित सागर जी महाराज का गुरु विराग सागर जी महामुनिराज के प्रति अपूर्ण समर्पण सेवा भाव था

मुनि श्री विहित सागर जी महाराज का गुरु विराग सागर जी महामुनिराज के प्रति अपूर्ण समर्पण सेवा भाव था। 24 घंटे आपकी आंखें गुरुदेव को निहारती रहती थी। गुरू की समाधि का वियोग था गुरु के पास पहुंचने मोक्ष महल की उत्तम भावना के साथ आप निरंतर त्याग बढ़ाते गये उपवास बढ़ाते गये 24 घंटे कठिन साधना में लीन रहकर चारों प्रकार के आहार जल का त्याग कर गुरु की उत्कृष्ट समाधि को स्मरण करते हुए 24 दिसंबर दोपहर 3 बजकर 3 मिनट पर त्यागी भवन सताणा जिला नासिक महाराष्ट्र में उत्तम सल्लेखना समाधि मरण को प्राप्त हो गए थे।

### मुनि श्री विहित सागर जी का जीवन परिचय

पूर्व नाम- श्री अनिल कुमार जैन, ग्राम-गोटेगांव जबलपुर मध्य प्रदेश, पिता का नाम- श्री शिखर चंद जी, माता का नाम- श्रीमति गिन्दी बाई, जन्म- 10/12/1957, शिक्षा- मिडिल क्लास, परिवार-3 भाई 2 बहन, वैराग्य- आचार्य श्री सानिध्य वैयावृति, ब्रह्मचर्य व्रत-1982 दुर्ग, क्षुल्लक दीक्षा-28/01/1995, मंगलगिरी सागर, नाम-विहित सागर जी, ऐलक दीक्षा-25/06/1998 शैरीपुर लंकेश्वर, मुनि दीक्षा-14/12/1998, वरासो अतिशय क्षेत्र, नाम-मुनि विहित सागर जी, दीक्षा गुरु-परम पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर जी महामुनिराज, संलेखना व्रत-17/12/2024 सताणा, सानिध्य - गणधर मुनी विवर्धन, सागर जी महाराज, प्रवर्तन मुनि विश्व नायक सागर जी महाराज।



## आर्यिका विदुषी श्री माता जी का ससंघ नवापारा राजिम शुभागमन

**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** धर्म नगरी राजिम अंचल में पुन: आर्यिका माता जी के रूप में साध्वीयों का सान्निध्य प्राप्त हुआ हैं। कटक ओड़िशा में चातुर्मास पूर्ण कर शीत ऋतु के मध्य इंदौर की ओर विहार करते हुए माता जी ससंघ के चरण प्रात: काल राजिम नगरी में पड़ें। जिनकी आहार चर्या कराने का सौभाग्य लाला जी परिवार श्रीमती छाया अजित जैन व श्रीमती श्रृंखला संतोष जैन परिवार को प्राप्त हुआ।



समाधिस्थ महान आचार्य विराग सागर जी से दीक्षित परम् प्रभावी शिष्या आर्यिका 105 श्री विदुषी श्री माता जी, आर्यिका 105 श्री विनीत श्री माता जी, आर्यिका 105 श्री विकम्पा श्री माता जी, आर्यिका 105 श्री विरत श्री माता जी व आर्यिका 105 श्री विनोद श्री माता जी ससंघ के आगमन से पुन: अंचल का वातावरण धर्ममय हो गया हैं।

सामायिक उपरांत माता जी ससंघ ने सर्वप्रथम संत पवन दीवान आश्रम में स्थित भगवान श्री पार्श्वनाथ जी के मंदिर दर्शन किये तथा भव्य जुलुस के माध्यम से 99 वर्ष प्राचीन श्री शान्तिनाथ जिनालय दर्शन हेतु पहुंची।

भव्य अगुवानी में जैन समाज के हर वर्ग के सैकड़ों श्रावक श्रविका उपस्थित रहे। मंदिर के दर्शन के उपरांत जुलुस जैन भवन में पूर्ण हुआ, जहाँ आचार्य श्री का चित्र अनावरण पंचायत कमेटी के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा सम्पन्न कराया गया, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेंद्र गदिया आदि वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारम्भ किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठाचार्य पं. ऋषभ शास्त्री ने किया।

जैन समाज की पंचायत कमेटी, श्री महावीर दिगंबर जैन पाठशाला कमेटी, श्री देवनंदी धर्मार्थ औषधालय कमेटी, त्रिशला महिला मंडल, ज्ञान बहु मंडल, नसिया जी प्रभारी मंडल व मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा आर्यिका संघ की वंदना करते हुए श्रीफल समर्पित किया। पंचायत कमेटी के संरक्षक रमेश पहाड़िया अध्यक्ष अखिलेश जैन उपाध्यक्ष अनिल जैन कोषाध्यक्ष आशीष जैन सांस्कृतिक सचिव रवि जैन सह सांस्कृतिक सचिव अतुल सिंघाई व किशोर जैन, सुरित जैन, निर्मल नाहर, अनिमेष नाहर, प्रभात जैन आदि ने माताजी शास्त्र भेंट किया।

उपस्थित जनसमूह के निवेदन पर संघ प्रमुख आर्यिका माता श्री विदुषी श्री माता जी ने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि, 2004 में समाधि क्षपक श्रीमती कचरा बाई से आर्यिका विमान श्री माता जी की समाधि के दौरान आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज ससंघ के दौरान उनका आगमन हुआ था। 20 वर्ष बाद पुन: आगमन पर जिनमंदिर के दर्शन करने का अवसर मिला। धर्म का पालन, सही समय पर समाधि व्यक्ति को मोक्षमार्ग की ओर आगे बढ़ाता हैं। इस पुण्य नगरी में लगातार साधू साधवीयों का समागम मिलना अंचल के लोगों के सौभाग्य को दर्शाता हैं। ज़ब भी कोई साधु का प्रवास हो या विहार हो इसी प्रकार उनकी सेवा करने का अवसर कभी नहीं चूकना चाहिए। आर्यिका ससंघ ने अंचलवासियों के लोगों को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

## अटल परिसर का नेहरू नगर में किया गया भूमिपूजन

**भिलाई ( विश्व परिवार )।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के नेहरू नगर पूर्व में अटल परिसर का भूमि पूजन किया गया। अटल परिसर का भूमि पूजन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के 100वी जयंती के अवसर पर किया गया।



जिसमें छत्तीसगढ़ का नक्शा, अटल बिहारी वाजपेई जी का 6 फीट की मूर्ति, चारों तरफ सुंदर लाइटिंग, बागवानी, पाथवे इत्यादि से सजाया जाएगा। भिलाई नगर के जनता के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। महापौर नीरज पाल अपने उद्बोधन मे बताया कि सभी पार्टियों के नेता अटल जी का सम्मान करते थे। वह सर्वमान्य नेता थे। सभी उनके विचारों को सुनते थे। इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अटल जी के विचारों को साझा करते हुए कहा, अद्भुत शैली के धनी थे। एक अच्छे विचारक, राजनेता, कवि हृदय, स्पष्ट वक्ता थे, अपने विचारों को दृढ़ता के साथ करते थे। लोकसभा हो या राज्यसभा देश हो या विदेश हर जगह प्रखरता के साथ अपने विचारों को रखते थे।

## उपनाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम **अनामिका मोदी, पिता अजित कुमार मोदी** रहा है। यह शपथ करती हूं की विवाह उपरांत मैंने अपने पुराने नाम के स्थान पर नया **नाम श्रीमती अनामिका मोदी जैन पति श्री राजेंद्र कुमार जैन, 82-बी, सेक्टर-2, गीतांजलि नगर, रायपुर, ( छ.ग. )** रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम श्रीमती अनामिका मोदी जैन के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**श्रीमती अनामिका मोदी जैन,**
**82-बी, सेक्टर-2, गीतांजलि नगर,**
**रायपुर, ( छ.ग. )**

## छत्रपति शिवाजी स्कूल के वार्षिकोत्सव, छोटे बच्चों की भावुक अदाकारी ने बड़ों की आंखें नम की

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मां पर खूब झल्लाने वाले बेटे ने जब मां की डायरी में बहुत पहले अपने बेटे के साथ बिताए पलों वाला लेख पढ़ा तो उसकी आंखों से झर झर आंसू बहने लगे और वह क्षमा मांगते हुए मां के चरणों में गिर पड़ा। मां ने उसे उठाकर जब उसके सर पर हाथ फेरकर गले से लगाया तो बच्चों की इस मार्मिक अदाकारी ने हॉल में मौजूद अभिभावकों की आंखें नम कर दी। इस जीवंत अभिनय को कक्षा पांचवी की छात्राओं ने बेहद मंजे कलाकारों की तरह प्रस्तुत किया।







मौका था पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्रपति शिवाजी स्कूल के वार्षिकोत्सव का। स्कूल की पुरानी बस्ती और प्रोफेसर कालोनी शाखाओं का यह समारोह नवरस नाम से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अतिथियों के रुप में दुधाधारी मठ के मठाधीश महंत रामसुंदर दास, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, होली हार्ट्स एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमेन आचार्य सुरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी द्वय पारस चोपड़ा और सच्चिदानंद उपासने, छग प्रायवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रवलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। स्वागत किया स्कूल संचालक मुकेश शाह, नफीसा रंगवाला, राजेश शाह, रशीदा फज़्ली ने। कार्यक्रम में रंगारंग और धमाकेदार प्रस्तुतियों ने अभिभावकों को आखरी तक बांधे रखा। दर्शक लगातार तालियां बजाते हुए विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहते रहे।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16954 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16954**
**वार्ड का नाम-43-महंत लक्ष्मीनारायणदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR565C00177** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती GHANSHYAM DHAR GIRDHAR , MURLIDHAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HEMDHAR DIWAN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती NEELIMA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHISH SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16957 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16957**
**वार्ड का नाम-42-पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR566B00334** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती PRASANNA CHANDRA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOVIND PRASAD** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. PRAKASH CHANDRA SHARMA 2. PRADEEP CHANDRA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. GOVIND PRASAD SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16946 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16946**
**वार्ड का नाम-41-दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569H00334** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती ARATI OJHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KRISHNA KUMAR OJHA** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती PRATIBHA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HEMANT SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16950 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16950**
**वार्ड का नाम-41-दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569D00408** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती SUMIT VISHVAKARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. BABULAL VISHVAKARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती PRIYA ABHAY SAKHARWADE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABHAY SAKHARWADE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /16841/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 24-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16841**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C01281** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JEETU BAJAJ S/O SURESH BAJAJ 2. VANSHIKA W/O JEETU BAJAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VANSHIKA W/O JEETU BAJAJ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती गायत्री यादव** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति श्री विरेन्द्र यादव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./16856/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 24-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र.** 16856
**वार्ड का नाम- 05 - बंजारी माता मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 05 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105F00433** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **T. MOHAN RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **T. BHARATI PANDIT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. T. MOHAN RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **B 1** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./16857/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 24-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16857**
**वार्ड का नाम- 05 - बंजारी माता मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 05 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105C0221B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMLAL SANTOSH DHRUW FULLBAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JAMILA BANO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SATTER KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./16858/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 24-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16858**
**वार्ड का नाम- 05 - बंजारी माता मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 05 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105C00221** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMLAL SANTOSH DHRUW FULLBAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LAKKI VISHVAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SATYANARAYAN VISHVAS** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./16899/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 24-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16899**
**वार्ड का नाम- 05 - बंजारी माता मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 05 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105E00449** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BAISAKHU RAM S/O SUKHRAM, RAM RATAN S/O BAISAKHU RAM, SHYAM LAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BHAN KUMARI PAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SHYAM LAL PAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SHAPAT PATRA BATWARANAMA**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./16901/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 24-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16901**
**वार्ड का नाम- 05 - बंजारी माता मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 05 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105E00303** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BAIJNATH SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUMERI SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LEELA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHILAWAN SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16949 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16949**
**वार्ड का नाम-41-दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569D00277** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती MEENA DEVI AGRAWAL , SUBODH PRASAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUBODH PRASAD , LT. BIRJU LAL AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती RAJUL JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIKAS SINGHAI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16947 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16947**
**वार्ड का नाम-41-दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569B00743** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती SUDARSHAN GAYAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUNEEL KUMAR GAYAN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती SHAMPA GAYEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SUDARSHAN GAYEN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16952/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16952**
**वार्ड का नाम-41-दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569A00287** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती SANJAY AGRAWAL , PURNIMA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMAVTAR AGRAWAL , SANJAY AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती ARUNA THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANOJ KUMAR THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16958/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16958**
**वार्ड का नाम-42-पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR565B00007** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती BHURI BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHOTULU RAM SEN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती NAJUL ASHISH SEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. MAYARAM SEN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16948/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16948**
**वार्ड का नाम-41- दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569G00255** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती GIRISH KUMAR KATARE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **G.K.KATARE** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. CHHAYA SWARNKAR W/O LATE. VINOD SWARNKAR 2. PRIYA SWARNKAR W/O DEEPAK SONI 3. BHARTI SWARNKAR S/O VINOD SWARNKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16956/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16956**
**वार्ड का नाम-42-पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR565E00062** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती JAGDISH PRASAD DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PILARAM DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती CHHURAWAN MANI DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGDISH DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16945/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16945**
**वार्ड का नाम-41-दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569J00288** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती DINESH KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRABHU DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती DILIP KUMAR PANDEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GIRIJA SHANKAR PANDEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16955 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16955**
**वार्ड का नाम-42-पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR566F00504** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती PRATAP NAGVANSHI, MOHANLAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHANLAL** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती NAJUL HIRALAL YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. MOHAN LAL YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16959 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16959**
**वार्ड का नाम-43-महंत लक्ष्मीनारायणदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR566C0177A** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती GHANSHYAM DHAR GIRDHAR, MURLIDHAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HEMDHAR DIWAN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती LALITA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHEMRAJ AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./16951 /न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 25-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16951**
**वार्ड का नाम-41-दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569D00189** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती ALKA SAXENA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJESH SAXENA** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. MANJU SAHU W/O TORAN LAL SAHU 2. TORAN LAL SAHU S/O DHANU RAM SAHU**पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, गुरूवार 26 दिसम्बर 2024



# कुशल नेतृत्व क्षमता और सुशासन के प्रति अटल जी कि प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है - लक्ष्मी राजवाड़े

### 4729 अप्रारंभ प्रधानमंत्री आवास को एक साथ शुभारंभ करने के लिये कराया गया सामूहिक भूमि पूजन

गोपाल सिंह विद्रोही

सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )- आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती पर जिले के सभी विकासखंड में सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।जिसके अंतर्गत अटल चौक में जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा श्री अटल बिहारी वाजपेयी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की कविता का पाठ,विष्णु की पाती का वितरण व सुशासन के संकल्प के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सूरजपुर विकासखंड के रामनगर में जिला स्तरीय सुशासन दिवस को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसकी शुरुआत रामनगर स्थित अटल चौक पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों द्वारा अटल जी के छायाचित्र को नमन करते हुए, माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात अटल जी की कविता का पाठ भी किया गया।

कार्यक्रम में 4729 अप्रारंभ प्रधानमंत्री आवास को एक साथ शुभारंभ करने के लिए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधि विधान से सामूहिक भूमिपूजन कराया गया। जिसे शीघ्र ही शुरू कर मूर्त रूप दिया जायेगा। इस अवसर पर जानकी स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) द्वारा 100 शटरिंग प्लेट (लोन के माध्यम से) उपलब्ध कराया गया है। जिसका उद्देश्य स्व सहायता समूह की दीदियों को निर्माण के क्षेत्र में आगे लाना है। जिले में 27000 प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये निर्माण संबंधित उत्पाद की बड़े पैमाने पर आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति जानकी स्वयं सहायता समूह के शटरिंग प्लेट करेंगें। इसके साथ ही समूह की दीदियां शटरिंग प्लेट को अन्य जगह जहां भी निर्माण कार्य चल रहा है वहां भी किराए पर दे सकती है। प्रति शटरिंग प्लेट 05 रुपये की राशि प्रति दिन के लिये निर्धारित की गई है। जो निस्संदेह उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए अपना योगदान देगी। शटरिंग प्लेट के नवाचार से शासन की योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वन करने के लिए न केवल बेहतर विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं बल्कि इससे महिलाओं को एक ऐसे सफल व्यवसाय से जोड़ा जा रहा है जो उन्हें लखपति दीदी की श्रेणी में शीघ्र स्थापित करेगा।



महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनके कुशल नेतृत्व क्षमता और सुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। वो कवि, सम्पादक,एक दूरदर्शी राजनीतिज्ञ होने के साथ साथ बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।किसी एक व्यक्ति का उनके समान हर विधा में पारंगत होना आज सम्भव नहीं है। उन्होंने आगे कहा हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़ उन्हीं की देन है, जो निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और जिस तरह छत्तीसगढ़ शासन सेवा भावना से जनता के हित को केन्द्र में रखकर निर्णय ले रही है, जिससे निश्चित ही हमारा प्रदेश समावेशी विकास करेगा।

पूर्व गृहमंत्री श्री रामसेवक पैकरा ने अपने उद्बोधन मे पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए, उनके शासनकाल में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों जैसे पोखरण-2 का परीक्षण, कारगिल विजय दिवस, किसान क्रेडिट कार्ड की शुरुआत, और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का जिक्र किया।

प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मराबी ने कहा कि सुशासन दिवस के इस आयोजन का उद्देश्य पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना और उनके द्वारा स्थापित कल्याणकारी योजनाओं और सुशासन के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना है। जिसके लिये आप सभी की सहभागिता व सहयोग की अपेक्षा है ताकि हम प्रदेश को विकास की एक नई दिशा दे सकें।

कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन ने भी उपस्थिति जनों को संबोधित करते हुए सुशासन के शाब्दिक अर्थ को परिभाषित किया। उन्होंने बताया कि सुशासन भागीदारी, आम सहमति, जवाबदेही, पारदर्शी, उत्तरदायी, प्रभावी एवं कुशल, न्यायसंगत और समावेशी होने के साथ-साथ 'कानून के शासन' का अनुसरण करता है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को सुशासन का संकल्प , बाल विवाह रोकने हेतु शपथ व स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाया गया।

कार्यक्रम में श्री बाबूलाल अग्रवाल, श्री राजेश अग्रवाल, सत्य नारायण जायसवाल, श्री राजेश महलवाला, श्री कुलदीप बिहारी, कलेक्टर एस.जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अटल परिसर के भूमि पूजन समारोह में व्यस्थता के कारण नहीं पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक



गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-अटल बिहारी वाजपेई जी के स्वर्ण जयंती वर्ष पर बिश्रामपुर नगर पंचायत द्वारा स्थानीय पुष्प वाटिका में अटल परिसर का भूमि पूजन का कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी के अनुपस्थिति में संपन्न हुआ। बताया जाता है की मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी अपनी व्यस्तता के कारण कार्यक्रम में नहीं पहुंचे जिससे नगर वासियों के निराशा हाथ लगी। विधायक की अनुपस्थिति में सभी कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम का आरंभ अटल जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पण करके किया गया तत्पश्चात मंत्रोच्चार के साथ अटल जी की प्रतिमा के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के पश्चात सभी अतिथियों का नगर पंचायत सीएमओ सुशील कुमार तिवारी एवं नगर पंचायत के इंजीनियर तरंग मित्तल, अरविंद यादव,रूपेश सिंह आकाश सिन्हा, शशि शर्मा एवं जावेद के द्वारा मैक्स अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेताअनिल कुमार मिश्रा, मथुरा गुप्ता, श्यामा पांडेय गोपाल सिंह विद्रोही नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष यादव के द्वारा अटल जी के बारे में उपस्थित जन समुदाय को बताया गया। कार्यक्रम में कुनकुरी से लाइव प्रसारण के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश भी सुनवाया गया।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों को अंग वस्त्र तथा सफाई कर्मचारियों एवं स्वच्छ का दीदियों का क्रमशः शॉल एवं साड़ी देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर आशीष यादव, बीजेपी मंडल अध्यक्ष कैलाश सिदार

किरण पटेल ,अनिल मिश्रा, मथुरा गुप्ता ,दीपेंद्र सिंह चौहान, रामानंद जयसवाल, राजकिशोर चौधरी, चंदन सिंह, शंकर यादव, सतीश तिवारी, सुबोध सिंह, मोहिनी झा ,ज्योति सिंह, रवि शंकर बउवा, दीप्ति स्वाईं, कीर्ति दुबे ,अमरेश प्रसाद ,जयप्रकाश यादव, संजीत यादव ,सूरज शेट्टी एवं भारी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।मंच का सफल संचालन शिक्षक गौरी शंकर पांडेय ने किया

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक : मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े

### सूरजपुर नया बस स्टैंड सूरजपुर में हुआ अटल परिसर भूमिपूजन समारोह का आयोजन

**सूरजपुर ( ब्यूरो दैनिक विश्व परिवार )**-आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपाई के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल परिसर भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने सूरजपुर में न्यू बस स्टैंड स्थल में अटल परिसर का भूमिपूजन किया। इस दौरान बाबूलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष नगर पालिका श्री रितेश गुप्ता, एस डी एम सूरजपुर, सीएमओ नगरपालिका सूरजपुर तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि आज हम पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं सुशासन दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी अटल जी के व्यक्तित्व को याद किया जाता है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है और उनकी सोच का परिणाम छत्तीसगढ़ है। उनके कदमों पर चलकर हम इस राज्य और देश का बेहतर विकास एवं कल्याण कर सकते है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री श्री वाजपेई सरस और सरल स्वभाव के धनी थे। विद्यार्थी हो या युवा या राजनेता सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।



विधायक प्रेमनगर श्री भूलन सिंह मरावी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्री अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने देश और लोगों के कल्याण के लिए सुशासन स्थापित किया। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब शासन और प्रशासन के साथ मिलकर सुशासन स्थापित करते हुए सूरजपुर के विकास में अपना योगदान दें। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपाई के जयंती पर सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निरंतर लोगों के हित में योजनाओं को क्रियान्वित कर लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों के कल्याण के लिए शासन एवं जिला प्रशासन पारदर्शिता के साथ लोगों को आधारभूत सुविधाएं विकसित करने का कार्य कर रही है। पूर्व गृह मंत्री श्री रामसेवक पैकरा ने श्री अटल बिहारी वाजपाई के जन्म शताब्दी वर्ष एवं सुशासन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी को जिले एवं राज्य के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर मंत्री श्रीमती रजवाड़े स्वच्छग्रही दीदियों को सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान किया। साथ ही एन यू एल एम के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# गाँव गाँव शहर शहर चौक चौराहा पर निर्मित अटल चौक पर अटल जी का 100 वीं जन्म जन्म जयंती मनाई गई

गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- शिवनंदनपुर साप्ताहिक बाजार अटल चौक पर नगर पंचायत वासियों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी का धूम धाम से मनाया गया 100 वाँ जन्मदिन ।

नगर पंचायत शिवनंदनपुर की साप्ताहिक इतवारी बाजार स्थित अटल चौक पर भारतीय जनता पार्टी एवं नगर वासियों ने अटल जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प वर्षा पूजन के साथ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का 100बॉ जन्मदिन मनाया ।



युक्त अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वयोवृद्ध भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मीसा बंदी चरण सिंह अग्रवाल ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमने आपातकाल के दौरान अटल जी सहित अन्य विरोधी राजनीतिक दलों के नेताओं को इंदिरा गांधी ने कैद कर दिया था। उस वक्त हमने भी 11 माह तक जेल की हवा खाई थी। अटल आडवाणी कमल निशान मांग रहा है हिंदुस्तान के नारे बुलंद करते हुए अटल जी के नेतृत्व में सरकारी भाजपा कि सरकार बनी ।अटल जी एक सुलझे हुए र राजनीतिज्ञ ,सफल प्रधानमंत्री, उच्च कोटि के कवि संपादक एवं पत्रकार सभी गुणों से लबालब थे। अटल जी की जीवनी पर विजय राज अग्रवाल, गोपाल सिंह विद्रोही, सीती कांत स्वाई ने भारत रत्न अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला ।इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, ललित गोयल , सीएमओ सुशील तिवारी, संजीत सिंह, दीपेंद्र सिंह चौहान ,हरीश राजवाड़े ,अंजू सिंह ,समीर सिंह, कमलेश सोनी, अनीता सिंह ,अंजलि राजवाड़े, रमाकांत शुक्ला, अमरलाल साहू, पुष्पेंद्र सिंह ,संतोषी गुप्ता, किशोर कुशवाहा ,मनजीत सिंह भामरा, यश सोनी मिथलेश साहू, मिथिलेश भगत, मदन विश्वकर्मा, गुप्तेश्वर गुप्ता ,महेश प्रजापति आदि ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि से श्रद्धा सुमन अर्पित की। मंच का सफल संचालन गौरी शंकर पांडेय ने किया।

**ग्राम कुंजनगर के अटल चौक पर भव्य आयोजन**- भारतीय जनता पार्टी शिवनंदनपुर मंडल द्वारा ग्राम कुंजनगर में मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े के अध्यक्षता में भारत रत्न श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी की 100 वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में ग्राम पंचायत कुंजनगर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें विजय राज अग्रवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जीवनी पर प्रकाश डाला,पूर्व मंडल अध्यक्ष देव धन राम बिंझिया के द्वारा भी अटल की जीवनी पर कविता पढ़ी गोपाल सिंह विद्रोही के द्वारा भी कविता के माध्यम से जीवनी पर प्रकाश डाला गया जिसमें भाजपा के शीती कांत स्वाई, सोखा राम,हुकुम साय, राधे रमन भागवत प्रजापति, ,फूल बसिया ,देवेंद्र सोनवानी, श्यामू साहू, कृष्ण पाल बिंझिया, भरत राजवाड़े, देवशरण सिंह, विनोद कुमार, ब्रह्मदेव बिंझिया, ६ ालून राम, विरेंद्र कुमार, बुलचु राजवाड़े, मनियारो, हंस , अंगद, मनोज, दल साय, शिवलाल, खेदन, रामाधार, बाल किशुन, नोहर, गोपाल, गौरी, सुख मनिया, रीता भगत आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईवा ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जिसमें बाइक सवार दो युवकों की जान चली गई। यह हादसा पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम घुघरी कला में हुआ। जहां एक तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार दोनों युवकों को टक्कर मार दी। दोनों युवक घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए। बताया जा रहा है कि, मृतकों की पहचान दिलेश्वर साहू (20) और सुनील अहिरवार (20) के रूप में हुई है। दिलेश्वर साहू खैरझिटी गांव का निवासी था, जबकि सुनील अहिरवार पिपरिया का रहने वाला था। दोनों दोस्त किसी काम से कवर्धा गए थे और काम खत्म करने के बाद वापस अपने-अपने गांव लौट रहे थे। तभी घुघरी कला के पास मुरुम लेकर जा रही एक तेज रफ्तार हाईवा ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसा इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन आसपास के ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

### कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत ने साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और इसके निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पत्रों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में सीमांकन अतिक्रमण हटाने, पेंषन, महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, आर्थिक सहायता, सहित शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों का समय पर निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेष कुमार नाग, संयुक्त कलेक्टर कौषल तेन्दुलकर, अपर आयुक्त नगर निगम श्री विनय मिश्रा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीकांत कसेर, खाद्य अधिकारी श्री जीएस कंवरसहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्षन में ग्राम डोकरमना के बालरूप सिंह ने सीमांकन, ग्राम रजगामार के उप सरपंच ने ग्राम पंचायत में राषि गबन के मामले में कार्यवाही करने, रामपुर के मुकेष पटेल ने डीजे सेट चोरी होने पर करतला थाना में एफ्आईआर नहीं करने, जमनीपाली के यषवंत कुमार ने अंकसूची व दाखिल-खारिज पंजी में सुधार, ग्राम मुड़ापार हरदीबाजार की हम क्रांति समिति समूह ने अवैध ईंटा भट्टा पर कार्यवाही करने, कुसमुंडा क्षेत्र के भू-विस्थापितों द्वारा कोयला खदान प्रभावित क्षेत्र में एंबुलेंस एवं स्कूल बस सुविधा की मांग की। इसी तरह ग्राम बरीडीह की पटैतीन बाई ने अति वृष्टि से क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा, ग्राम इंदलभाठा तरदा की शांतिबाई ने अपनी पुस्तैनी जमीन का दस्तावेज जबरन गुरूवार दास द्वारा रख लिये जाने की षिकायत की। ग्राम धौंराभाठा में प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित चचिया के समिति प्रबंधक पद पर नियम विरूद्ध भर्ती करने, ग्राम बोईदा के तुंगल लाल ने मुख्य मार्ग से नायक पारा, तिलैहापारा तक ढाई किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण की मांग, ग्राम खम्हरिया पाली के धनाराम बंजारे ने अपने पुत्र के आपरेषन के लिये आर्थिक सहायता, बालको के चक्रवती रजक ने राखड़ डेम का सही तरीके से संचालन नहीं होने, ड्राइव्हरों से 12 घंटे तक काम लेने, कम वेतन देने की षिकायत की।

### महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं का किया गया सम्मान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत नगर के सीएसईबी जूनियर क्लब में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा सोमवार को विधानसभा स्तरीय महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिला हितग्राहियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में महिलाओं को अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महतारी वंदन से लाभान्वित आरती सिंह, प्रमिला मानिकपुरी बालको, नमिता भगत पथर्रीपारा,अहिल्या राठौर ने योजना से प्रतिमाह मिलने वाले एक हजार रुपए के आर्थिक लाभों के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाले पैसों को वे अपने बच्चों के स्वास्थ्य,शिक्षा, सुकन्या समृद्धि योजना के खाता संचालन और घर की छोटी मोटी जरूरतों को पूरा करने में उपयोग कर रही हैं। समारोह में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित 40 महिलाओं को अतिथियों और अधिकारियों के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़,मटकी फोड़,सामान्य ज्ञान आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल के परिसर में सखी वन स्टॉप केंद्र,स्वास्थ्य जांच एवं उपचार केंद्र,आदि स्टॉल लगाए गए।

# संपादकीय

## वाइट-कॉलर कर्मियों की आम समस्या......

निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की बढ़ती गई समस्याओं की जड़ में आज का आर्थिक ढांचा है। दुनिया भर में श्रमिक वर्ग इस ढांचे का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिला है। इसलिए विनियमन स्वागतयोग्य है, इससे कुछ लाभ होगा, मगर यह पर्याप्त नहीं है। महाराष्ट्र और कर्नाटक की सरकारें ऑफिस कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सख्त नियमों और उन पर अमल के निरीक्षण की तैयारी में हैं। यह कदम अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) की एक युवा कर्मचारी की मौत के बाद उठाया जा रहा है। तब उस मौत का कारण काम का अत्यधिक दबाव बताया था। भारत में वाइट-कॉलर यानी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के नियम लगभग ना के बराबर हैं। उदारीकरण के दौर में, जब कंपनियों ने मुनाफा बढ़ाने के लिए कॉस्ट कटिंग की पॉलिसी अपना ही है, तब कम कर्मचारियों से अधिक काम लेना आम चलन बन गया है। जो कर्मचारी इसमें पिछड़ते हैं, उनकी नौकरी खतरे में पड़ जाती है। अनियमित घंटों तक काम और मनमानी बर्खास्तगी आज वाइट-कॉलर कर्मियों की आम समस्या है। इसका बहुत खराब असर खासकर युवा कर्मियों पर पड़ा है। ईवाई कर्मचारी की मौत के बाद ये सारे मुद्दे बहुचर्चित हुए थे। उसका प्रभाव सरकारों पर पड़ा है। कर्नाटक में अधिकारियों ने निजी कंपनियों में ऑफिस में कामकाज की स्थिति की जांच शुरू की है। महाराष्ट्र में भी एक ऐसा प्रस्ताव विचाराधीन है। बताया गया है कि प्रस्तावित नियम कंपनियों में नियुक्ति और बर्खास्तगी की प्रक्रियाओं की विनियमित नियंत्रित करेगा। इसमें सभी कॉरपोरेट कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। उनमें मैनेजर स्तर स्टाफ भी शामिल होंगे। कर्नाटक के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम कर्मचारियों की अत्यधिक काम की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। यह तथ्य है कि भारत में युवा आत्म-हत्या के मामले बढ़े हैं। किशोरों और युवाओं के बीच मृत्यु का चौथा सबसे प्रमुख कारण कामकाज का बढ़ा दबाव है। बेशक ये आंकड़े भारत में मानसिक स्वास्थ्य और युवाओं में बढ़ते तनाव का संकेत हैं। बहरहाल, अहम सवाल है कि क्या कानून या विनियम लागू करने से ऐसी समस्याओं का समाधान हो सकता है? वाइट कॉलर हों या ब्लू कॉलर कर्मी, उनकी बढ़ती गई समस्याओं की जड़ में आज का आर्थिक ढांचा है। दुनिया भर में श्रमिक वर्ग इस ढांचे का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिला है। इसलिए विनियमन स्वागतयोग्य है, इससे कुछ लाभ होगा, मगर यह पर्याप्त नहीं है।

# सांसद भवन में थैले में फिलीस्तीन की आजादी

कुलदीप चंद अग्निहोत्री



पिछले दिनों कितना बड़ा गुज्जर सम्मेलन हो लिया। उसमें हिंदू-मुसलमान दोनों शामिल हुए। राज परिवार की यही सबसे बड़ी चिंता है। अब तक एक बिरादरी के मुसलमानों को उसी बिरादरी के हिंदुओं से डराकर, सुरक्षा के नाम पर एक अलग तबेले में रखा जाता था। वह राज परिवार का सुरक्षित वोट बैंक था। लेकिन अब वही वोट बैंक खिसकता नजर आ रहा है। घबराहट में किसी ने सुझाया, जल्दी फिलीस्तीन की आजादी वाले थैले तैयार करवाओ और उसे प्रियंका गांधी के कंधे पर लटका कर घुमाओ। लेकिन कांग्रेस की बात नहीं बनी गांधी-नेहरु परिवार लम्बे अरसे से राजनीति में सक्रिय है। लेकिन यह शायद पहली बार है कि लगभग सारा परिवार संसद में उपस्थित है। सोनिया गांधी राज्यसभा की सदस्य हैं, उनका बेटा राहुल गांधी और उनकी बेटी प्रियंका गांधी लोकसभा की सदस्य हैं। मोती लाल नेहरु से राजनीति शुरू करने वाला यह परिवार सोनिया गांधी तक पहुंचते-पहुंचते देश की राजनीति में तो बना हुआ है, लेकिन भारतीय संस्कृति, उसके इतिहास व समाजशास्त्र से बुरी तरह कट चुका है। इसमें परिवार की इस पीढ़ी का दोष नहीं है। सोनिया गांधी से इस प्रकार की आशा भी नहीं करनी चाहिए। जहां तक उनके बेटे और बेटी का प्रश्न है, वे छोटी उम्र में ही पिता के साये से मरहूम हो गए थे। इसलिए उन पर माता का ही प्रभाव पड़ सकता था। यह प्रभाव पड़ा भी। यही कारण है कि राहुल गांधी जलेबियों की फैक्टरियां लगवा कर चुनाव जीतने की रणनीति बनाने लगे। जहां तक प्रियंका गांधी का प्रश्न है, उसको शायद किसी ने बता दिया होगा कि आजकल देश में प्रमुख मुद्दा फिलीस्तीन की आजादी का है। यदि कांग्रेस फिलीस्तीन की आजादी के पक्ष में खड़ी हो जाती है, तो भारत के लोग कांग्रेस के पक्ष में खड़े हो सकते हैं। यानी भारत में कांग्रेस की सत्ता में वापसी का रास्ता फिलीस्तीन की आजादी में से होकर गुजरता है। लेकिन असली मसला तो यह था कि कांग्रेस या भारत की फिलीस्तीन को आजादी दिलवाने में क्या भूमिका हो सकती है? आजादी प्राप्त करने का तरीका क्या है? सोनिया गांधी परिवार के लिए गणित के इस कठिन प्रश्न का उत्तर पा लेना जरूरी था। अब इस कठिन प्रश्न का उत्तर कांग्रेस के लिहाज से एक ही हो सकता था कि प्रियंका गांधी अपने कन्धे पर 'फिलीस्तीन की आजादी' लिखा बैग लेकर संसद में जाए तो फिलीस्तीन आजाद हो सकता है। फिलीस्तीनी आजादी से प्रसन्न होकर भारत में कांग्रेस की सत्ता वापसी हो सकती है। दूसरे दिन किसी ने बता दिया कि 'फिलीस्तीन की आजादी' भारत का इश्यू नहीं है। यहां तो सत्ता वापसी का रास्ता 'बांग्लादेश' के हिंदू का मसला उठाने से बन सकता है। तब दूसरे दिन प्रियंका गांधी अपने पर्स पर बांग्लादेश लिखवा लाईं। लेकिन चिंता तो है ही। समय निकलता जा रहा है और सत्ता वापस आने के आसार दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहे। खुदा का शुक्र है कि सोनिया जी के दोनों बच्चे अंग्रेजी पढ़े लिखे हैं। पुराने 'ब्रिटिश मास्टर' की किताबों में दिन-रात खपते हैं। आखिर यूरोप के लोग दो सौ साल हिंदुस्तान पर राज कैसे कर गए? इस मामले में सोनिया गांधी भी कुछ न कुछ बताती ही होंगी या कम से कम माथा तो खपाता ही होंगी। तब पता चलता है कि वे भारत के लोगों में फूट डालते थे और राज करते थे। तभी से पूरा 'राज परिवार' भारत में हर हालत में जाति के आधार पर जनगणना करवाने को लेकर छटपटा रहा है। प्रतीक्षा करनी चाहिए, अब प्रियंका गांधी 'जाति गणना करवाएं' वाला बैग लेकर संसद में कब आती हैं। सत्ता वापसी का एक दूसरा रास्ता भी दिखाई दे रहा है। ईवीएम को लेकर प्रतिदिन मातमी धुनें बजाई जाएं। इससे देश के भविष्य का प्रश्न जोड़ा जाए। इसलिए हर रोज कायदे से ईवीएम के तबले पर घंटों रियाज किया जाता है। लेकिन राज परिवार की इन हरकतों से आसपास के राजनीतिक पड़ोसी भी घबराहट में हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तो इस बेमानी शोर शराबे से तंग आकर कह ही दिया कि लगता है आप लोगों से यह हो नहीं पाएगा। ईवीएम का रोना धोना बंद करो, सत्ता प्राप्ति का कोई दूसरा रास्ता तलाशो। लेकिन राज परिवार का यही तो संकट है। सत्ता तक पहुंच पाने का दूसरा रास्ता कहां है, सोनिया-राहुल-प्रियंका ने उस रास्ते की तलाश में मल्लिकार्जुन खडगे साहिब को आगे कर दिया। वह हाथ में डंडा लेकर अंधेरे में टटोलते हुए एक-एक कदम आगे चलते हैं और राज परिवार उनके पीछे चलता है। दुनिया आशा पर ही टिकी हुई है। वैसे भी खडगे देसी आदमी हैं, इस देश को बखूबी समझते हैं। कहीं न कहीं तो पहुंचाएंगे ही। परंतु खडगे भी बेचारा क्या कर सकता है। दुनिया की नजर में तो वह आगे-आगे दिखाई देता है, लेकिन आज्ञा पीछे से राज परिवार ही दे रहा है। कभी दाएं मुड़, कभी बाएं मुड़। इस बुढ़ौती में खडगे साहिब परेशान हैं। लेकिन हर हालत में इस पुराने राज परिवार के बच्चों को इस देश के तख्त पर बिठाना है। पर बच्चे नटखट हैं। खडगे की सुनते नहीं, उन पर अपना हुक्म चलाते हैं। कभी सोरोस जार्ज के कन्धों पर सवार होकर चिकोटी काटते हैं और कभी अमेरिका की भारत विरोधी 'डीप सटेट' के अंग संग दिखाई देते हैं। यह डीप सटेट इतना तो समझ ही गई है कि भारत को तोडने का जो सामान और पटाखे उसने लम्बे अरसे से तैयार कर रखे थे, अब भारत में उसके माल का असली ग्राहक मिल गया है। इसलिए 'फाइव आईज' से ये पटाखे लेकर राज परिवार के बच्चे हर रोज भारत के आंगन में जलाते हैं और विदेशी षड्यन्त्रों का प्रदूषण फैलाते हैं। किसान को तो रोज समझाया और डराया जा रहा है कि पराली मत जलाओ, इससे प्रदूषण फैलता है। लेकिन यह पुराना राज परिवार विदेशी षड्यन्त्रों का जहरीला धुआं हर रोज फैलाता है। पर इनको कौन समझाए? खडगे साहिब समझाते तो जरूर होंगे। पर बेचारे क्या करें? लाचार हैं। इस उम्र में राज परिवार की सेवा से किनारा भी तो नहीं कर सकते। अब राज परिवार पर एक नया भूत चढ़ बैठा है। हिंदू को छोड़ो, मुसलमान को पकड़ लो। वही इस भवसागर से पार लगाएगा और सत्ता के किनारे तक पहुंचा देगा। दूर पार के लोगों ने समझाया भी यहां हिन्दुस्तान में मुसलमान जैसा कुछ नहीं है। ये सब इसी देश के लोग हैं, इटली या अरब से आए हुए लोग नहीं हैं। मुगल राज के बुरे दिनों में नाम बगैरह बदल लिया था, थोड़ा नमाज वगैरह भी सीख लिया था, लेकिन कोई चौहान है, कोई दुबे है, कोई त्यागी है, कोई वैरागी है, कोई पोसवाल है, कोई नम्बूदरी है। अब हालात बदल गए हैं। मुगलों का डर खत्म हो गया है। इसलिए ये सब अपनी नकली चादरें उतार कर अपनी अपनी बिरादरियों के साथ उठना बैठना शुरू कर रहे हैं। पिछले दिनों कितना बड़ा गुज्जर सम्मेलन हो लिया। उसमें हिंदू-मुसलमान दोनों शामिल हुए। राज परिवार की यही सबसे बड़ी चिन्ता है। अब तक एक बिरादरी के मुसलमानों को उसी बिरादरी के हिंदुओं से डराकर, सुरक्षा के नाम पर एक अलग तबेले में रखा जाता था। वह राज परिवार का सुरक्षित वोट बैंक था। लेकिन अब वही वोट बैंक खिसकता नजर आ रहा है। घबराहट में किसी ने सुझाया, जल्दी फिलीस्तीन की आजादी वाले थैले तैयार करवाओ और उसे प्रियंका गांधी के कन्धे पर लटका कर घुमाओ। तभी हिन्दुस्तान का मुसलमान दोबारा राज परिवार की देहरी पर लौट कर आएगा। प्रियंका गान्धी ऐसा थैला लेकर घूमी फिरी भी। लेकिन चौक पर काम मिलने की प्रतीक्षा में खड़ा कोई मुसलमान पूछ रहा है, यह फिलीस्तीन क्या होता है?

## आलेख

# केबल चोरी के तरीके ने बेरोजगारों को प्रेरित किया

भगवती प्रसाद डोभाल

पिछले वर्ष से चोरों ने अपनी आजीविका का नया फार्मूला ईजाद कर लिया है। बेरोजगारी में चोरों ने दिल्ली की लाइफलाइन को अपना रोजगार बना लिया है। चोरों को इससे यह चिंता नहीं हुई कि मेट्रो से सफर करने वालों को तकलीफ झेलनी पड़ेगी। सारे दिल्ली के ऑफिसों में काम करने वाले लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए सुबह काम पर जाते वक्त जगह-जगह जाम झेल रहे थे, कारण था मेट्रो के केबल चोरों ने रात में ही उन केबलों को काट दिया था जिनसे मेट्रो अपना रास्ता तय करती है। इस कारण वे अपने ऑफिस समय पर नहीं पहुंच सके। इतना ही नहीं, जिन्हें बाहर जाना था-उनकी ट्रेनें और फ्लाइटें भी मिस हुई। इस काम के लिए फिलहाल मेट्रो की ब्ल्यू लाइन पर लगातार धावा बोला गया। हालांकि बहुत समय बाद पुलिस को सफलता मिली है। इन केबल चोरों को पकडने और इन घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया है। बीते दिनों मेट्रो ट्रैक पर केबल चोरी होने से केबल और चोरी में इस्तेमाल गाडियों को पुलिस ने बरामद कर दिया है। यह काम बहुत समय बाद हुआ है। इससे पूर्व चोरों ने मेट्रो लाइन को बहुत नुकसान पहुंचाया है। पता चला कि कीर्ति नगर और मोती नगर मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नलिंग केबल चोरी होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस और डीएमआरसी अधिनियम की धारा 74 के तहत मामला दर्ज किया था। इस वारदात में शामिल गिरोह के 11 में से चार 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 55 मीटर लंबी केबल, टाटा एस लोडर वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए थे। घटना स्थल से पता चला कि वहां पर 140 मीटर लंबी केबल काटी गई थी। यह केबल मेट्रो ट्रेनों की लोकेशन का पता लगाने और ट्रैक सर्किट को डेटा भेजने के लिए उपयोग की जाती है। मेट्रो के परिचालन के लिए उपयोग में होने वाले इस केबल की कीमत लाखों में होती है। इसी कारण चोरों को इसको प्राप्त करने से काफी मुनाफा होता है। वर्ष 2020-22 के दौरान केबल चोरी होने के बहुत सारी घटनाएं हुई हैं। 2020 में 54 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2021 में 57 और 2022 में 63 मामले सामने आए थे। इन मामलों में चोरों तक पहुंचने में पुलिस मुस्तैद नहीं दिखी थी। इस कारण चोरों के हौसले बुलंदी पर थे। मेट्रो केबल तांबे से बने होते हैं, यह काफी महंगी धातु है, बहुत सारे उद्योगों में तांबे की भारी मांग है, इसलिए इसको बेचने में आसानी है। इन केबलों का नेटवर्क मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों के बीच बिछाया जाता है। यह जटिल नेटवर्क होता है। विशेषकर रात के समय या फिर जहां पर सुरक्षा कम हो, वहां पर इसका इस्तेमाल किया जाता है। यह केबल मेट्रो रेल सिस्टम की जीवनरेखा होता है। यह मोटी इंसुलेटेड तार होती है, जो मेट्रो ट्रेनों की बिजली, संचार और नियंत्रण संकेत प्रदान करती है। केबल की चोरी होने पर मेट्रो सिस्टम की तीन मुख्य पण्रालियां-पावर, संचार और सिग्नल-ठप हो जाती हैं। मेट्रो के संचालन के लिए इन तीनों का सुचारु रूप से काम करना जरूरी है। डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार केबल चोरी आम तौर पर रात साढ़े बारह बजे से सुबह चार बजे के बीच होती है। इस समय मेट्रो सेवाएं बंद होती हैं। चोर सेवा बंद होने के बाद रात में वियाडक्ट में घुसते हैं। वे केबल काटते हैं, और उसे नीचे अपने साथियों के पास फेंक देते हैं। फिर भाग जाते हैं। यह मेट्रो स्टोनों पर नहीं, बल्कि वियाडक्ट पर होता है। अधिकारी के अनुसार केबलों पर स्टील की परत होती है, लेकिन उनमें ज्यादातर तांबा होता है। यह चोरों के लिए कीमती होता है। चोर पटरियों तक अपनी पहुंच समूह में काम करके बनाते हैं। रस्सियों का इस्तेमाल करके मेट्रो की पटरियों तक पहुंचते हैं। कभी-कभी वे अपने साथियों की मदद से या पेड़ की शाखाओं का इस्तेमाल करके पटरियों पर चढ़ते हैं। पटरियों पर चढने के बाद कीमती केबल काट लेते हैं। केबल काटने के बाद पटरियों पर मौजूद व्यक्ति उसे जमीन पर अपने साथियों के पास फेंक देता है। साथी तुरत-फुरत में केबल उठा लेते हैं, और उसे पास की झाडियों में छिपा देते हैं, या किसी गाड़ी में लाद देते हैं। फिर वह व्यक्ति रस्सी के सहारे पटरियों से नीचे उतर जाता है।

# राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र-पुत्रियों की बस्तियों तक पीएम जनमन योजना से फैली विकास के उजाले की किरण

डॉ. ओम डहरिया

विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को राष्ट्रपति जी के दत्तक पुत्र-पुत्रियां कहा जाता था लेकिन आजादी के कई साल बाद तक भी इनकी बस्तियों में शुद्ध पेयजल भी नहीं था। घास फूस के घरों में बिजली कहां से पहुंच पाती और शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाएं तो इनके लिए लक्जरी ही समझिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस परिस्थिति को पूरी संवेदनशीलता से समझा और उन्हें लगा कि इस परिस्थिति को ठीक करने के लिए मामूली प्रयत्नों से कुछ नहीं होगा जब तक एक लक्ष्योन्मुखी वृहत योजना विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए नहीं बनेगी तब तक इनके कल्याण की सूरत नहीं बनेगी। फिर उन्होंने पीएम जनमन योजना लाई और इस एक योजना से उजाले की किरण इन बस्तियों में फैल गई है। पक्के घरों में बिजली पहुंच रही है। बच्चों के लिए स्कूल खोले गये हैं और इन तक पहुंचने के लिए सड़कें भी बनाई जा रही हैं। इस योजना को शुरू हुए अभी एक साल का अरसा भी नहीं बीता है कि इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन से विशेष पिछड़ी जनजातियों के रहवासी इलाकों में विकास का उजियारा साफ-साफ दिखाई देने लगा है। इस उजियारे से जनजातीय समुदाय के लोगों में शासन के प्रति एक नया विश्वास जगा है और उनके चेहरे पर एक चमक दिखाई देने लगी है। पीएम जनमन योजना का उद्देश्य विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों के बीच विकास, समावेशिता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार जनजातीय समुदाय के लोगों की स्थिति को बेहतर बनाने और उनके रहवासी इलाकों में बुनियादी सुविधाएं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी शिद्दत से जुटी हुई है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। इसके चलते पीएम जनमन के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। शासन की विभिन्न योजनाओं के कन्वर्जेस के चलते छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों की जीवन स्तर और उनके रहवासी क्षेत्रों में तेजी से बदलाव दिखाई देने लगा है। पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान की स्वीकृति एवं निर्माण का काम तेजी से शुरू कर दिया गया हैं। छत्तीसगढ़ में 42 जनजातियां और इसके 161 उपजातियां है। इस वर्ग में बिंझवार, सावरा, गोंड, मुरिया, हलबा, भतरा, भुंजिया, भूमिया (भूइया), बियार, कंवर, मझवार, माझी, मुण्डा, भैना, नगेसिया आदि विभिन्न जनजातियां आते है। इस वर्ग की जनजातियां जंगली उपज संग्रह,ि शकार, आदिम कृषि के साथ-साथ बांस से टोकरी आदि बनाते है। इस समूह में कमार, कंडरा, धनवार, सोता, बैगा, माझी आदि आते है। भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए पांच जनजातियों को विशेष पिछड़ी जनजाति घोषित किया है, जिसमें बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, अबूझमाड़ियां जनजाती आते हैं। छत्तीसगढ़ में पिछड़ी जनजाति की कुल जनसंख्या 3,10,625 है. इनमें से पहाड़ी कोरवा जनजाति की कुल जनसंख्या 1,29,429 है. छत्तीसगढ़ में पहाड़ी कोरवा जनजाति मुख्य रूप से जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरबा, और रायगढ़ ज़िलों में पाई जाती है। पहाड़ी कोरवा प्राचीन समय में बेबर कृषि करते थे अर्थात जंगल में आग लगाकर ज़मीन साफ़ करते थे तथा बरसात के समय बीज छिड़क देते थे। पहाड़ी कोरवा स्त्री-पुरुष दैनिक मजदूरी हेतु ग्राम के अन्य जनजातियों के यहाँ कार्य करते हैं। ये मुख्यत: कृषि-मजदूरी एवं गड्ढे खोदने हेतु मजदूरी का कार्य करते हैं। इसी प्रकार बैगा जनजाति छत्तीसगढ़ राज्य की एक विशेष पिछड़ी जनजाति है। वर्ष 2015 में किए गए आधारभूत सर्वेक्षण के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इनकी कुल जनसँख्या 88317 है जिसमें 44402 पुरुष तथा 43915 महिलाएं हैं। इनमें स्त्री पुरुष लिंगानुपात 989 है। सर्वेक्षण अनुसार इनकी साक्षरता प्रतिशत 53.97 है। राज्य में बैगा जनजाति के लोग मुख्य रूप से कवर्धा और बिलासपुर जिलों में पाए जाते हैं। बैगा जनजाति का मुख्या व्यवसाय वनोपज संग्रह, पशुपालन, खेती तथा ओझा का कार्य करना है। छत्तीसगढ़ में कमार जनजाति भी विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय के अंतर्गत आते हैं। इनका मुख्य व्यवसाय बांस से टोकरी, झांपी, पर्रा वगैरह बनाना है. इसके अलावा, पक्षियों और छोटे जानवरों का शिकार करना भी इनका जीविकोपार्जन का साधन है। कमार जनजाति के लोग आपसी संवाद के लिए कमारी बोली और स्थानीय रूप से छत्तीसगढ़ी भाषा का इस्तेमाल करते हैं। महिलाएं विवाह से पहले या छोटी उम्र में गोदना करवाती है। कमार जनजाति के लोग पितृसत्तात्मक समुदाय हैं। कमार जनजाति के लोग आपसी विवाद का निपटारा पंचायत के ज़रिए करते हैं। कमार जनजाति की सर्वाधिक जनसंख्या गरियाबंद, मैनपुर, छुरा, नगरी. मगरलोड, महासमुंद एवं बागबाहरा विकासखंडो के छोटे-छोटे ग्रामों में निवासरत हैं। संस्थान की आधार भूत सर्वेक्षण 2015-16 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में कमार विशेष पिछड़ी जनजाति की जनसंख्या 26,622 है। जिसमें पुरुष जनसंख्या 13328 एवं स्त्री जनसंख्या 13294 हैं।

# हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नज़ारा

श्रुति व्यास

घूमने के सारे ठिकाने, पर्यटन स्थल चाहे कितने ही मनमोहक क्यों न हों, वहां कुंभ की रेलमपेल मची रहती है। जबकि छुट्टियों का एक मकसद भीड़-भाड़ से दूर जाना भी होता है। भारत भर में पूरे साल हर तरह के पर्यटन स्थल-बीच हों या पहाड़, तीर्थ हो या नेशनल पार्क-हमेशा बुक रहते हैं। हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नज़ारा रहता है। गहरा नीला आसमान और हवा में झूमते ताड़ के वृक्ष। बालकनी से मैं ज़मीन पर बिछी सफ़ेद रेत का अंतहीन सिलसिला देख सकती हूँ। धूप ठीक उतनी गर्म है, जितनी होनी चाहिए। दूर कहीं से समुद्र की लहरों के तट से टकराने की आवाज़ आ रही है। मै अक्सर मनपसिंदा %रोज' पेय की चुस्कियां लेती हूँ और साथ-साथ बीच में चॉकलेट केक के टुकड़े भी मुंह में डालती हूँ। यहाँ की हर सुबह हेमंत जैसी है और हर शाम, वसंत जैसी। यह स्वर्ग है। यहाँ सपने हकीकत बन जाते हैं। यहाँ आनंद ही आनंद है। और मैं यहाँ तब तक रहूंगी जब तक कि सर्दी का मौसम विदा नहीं हो जाता। और फिर मेरी आँख खुल जाती है! मैं तो दिल्ली में हूँ-जापान में बने गर्म कपडे पहनकर, अंग्रेज़ इंजीनियरों द्वारा डिजाईन किये हुए एयर प्युरिफायर के बगल में। हवा जहरीली है। और आँखें जल रही हैं, नाक बह रही है। मैं %रोज़' नहीं बल्कि %काढ़ा' पी रही हूँ। %चॉकलेट केक' नहीं बल्कि %च्यवनप्राश' खा रही हूँ। खिड़की के पास अपनी पसंदीदा कुर्सी पर बैठ कर आकाश में एक के बाद हवाईजहाजों को उड़ान भरते देख रही हूँ। वे अपने यात्रियों को उन सुन्दर जगहों पर ले जा रहे हैं, जहाँ के बारे में मैं केवल सोच सकती हूँ। हाय री किस्मत! मेरा मन खिन्न हो जाता है। ईमानदारी की बात तो यह है कि दिल्ली एकदम बेदिल हो गई है। वे चीज़ें जो दिल्ली को एक आकर्षण, एक चरित्र और एक व्यक्तित्व देती थीं, गुमशुदा हैं। यहाँ बहुत ज्यादा लोग हैं, बहुत ज्यादा। हर जगह को खोद डाला गया है, मोहल्लों-सड़कों के नाम बदल दिए गए हैं, नल का पानी काला होता है, हवा काली हो गई है। यह शहर अब चाट प्रेमियों का स्वर्ग नहीं रहा। अब यहाँ मोमो का राज है। अजीब सी मूर्तियाँ-बेढब और निरीह सी-कई जगह ऊग आई हैं। नई उम्र के लड़के-लड़कियों को वे रील बनाने के लिए एकदम उपयुक्त लगती हैं। शहर में इतनी भीड़ है कि इटली के दूतावास में बड़े दिन, क्रिसमस के मेले में घुसने पर



ऐसा लगता है मानों आप कुम्भ मेले में हों। यह शहर एक समय उत्कृष्ट संस्कृतियों और पाक शैलियों का गुलदस्ता था, उनका मिलन स्थल था। अब यहाँ ज़हर है-हवा में भी और लोगों के दिलों में भी। मैं अपने आप को भाग्यवान मानती हूँ कि मैं उस दिल्ली में पली-बढ़ी जो सदियों से सत्ता का केंद्र थी, जिसकी अपनी शान थी, जो अपने लोगों, अपनी इमारतों और अपने खान-पान के लिए जानी जाती थी। यहाँ की सर्दियों खुशनुमा हुआ करती थी। चमकीली धूप, नीला आकाश और चारों तरफ खिलखिलाते बोगेनविलिया। करीने से छटाई किये हुए पौधों और पेड़ों से भरे पार्कों में हम परिवार या दोस्तों के साथ पिकनिक मनाते, खाना खाते, क्रिकेट और लूडो खेलते या अलसाते हुए अगाथा क्रिस्टी या ब्रोंटी पढ़ते। अचार को सुखाने के लिए छत पर धूप में रखा जाता था, सर्दियों में गर्मी के लिए आलू के चिप्स बनाये जाते थे और माएं बच्चों को जबरदस्ती मूली खिलाती थीं। सैलानी पुरानी दिल्ली की गलियों की खाक छानते थे और इंडिया गेट-जब वह इंडिया गेट हुआ करता था-पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटती थी। शाम की हवा साफ़-सुथरी और ठंडी हुआ करती थी। आप घर में बनी स्वेटरें पहनें अलाव के आसपास बैठकर, हॉट चॉकलेट पीते हुए रेवडियाँ टूंगते थे-कुछ-कुछ वैसा ही दृश्य हुआ करता था जैसा कि भारतीय फिल्मों में क्रिसमस का दिखाया जाता है। मगर अब दिल्ली न तो आदर्श राजधानी बची है और ना ही आदर्श शहर। वह ऐसी जगह भी नहीं है जहाँ आप घूमने जा सकते हैं। पार्कों की कटाई-छटाई नहीं होती और वे हँसते-खेलते परिवारों से भरे नहीं रहते। हवा ऐसी नहीं है जो अचार को अचार बना सके और चिप्स को सुखा सके। विदेशी सैलानियों के लिए दिल्ली अब गोल्डन ट्रायंगल की यात्रा का एक पड़ाव भर है। स्थानीय लोग शहर से बाहर जाने के लिए आतुर रहते हैं-चाहे वह एक वीकेंड के लिए ही क्यों न हो। जिस स्वर्ग में होने का सपना मैं देख रही थी, दुर्भाग्यवश, वह बहुत दूर है और इतनी जल्दी वहां जाने का कार्यक्रम बनाना मुमकिन नहीं है। कुल मिलाकर, सर्दियों में फ्रेंच रीविएरा जाने की योजना एक और साल के लिए मुल्तवी! दिल्ली और उसके उदास मौसम, और समुद्र के किनारे गुनगुनी धूप का मज़ा लेने का एक और मौका खो देने पर मेरी झल्लाहट और बड़बड़ाना सुन कर मेरे पिता कुछ गुस्से से बोले, तो तुम गोवा ही चली जाओ। वाह, क्या घिसापिटा मशविरा है, मैंने तुरंत कहा। आप मॉरिशस, सेशेल्स या मालदीव जाने के लिए भी तो कह सकते थे।

## 01 जनवरी 2025 से प्रारंभ होने वाले भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ का आज नांदणी में मंगल प्रवेश : मुनिश्री सर्वार्थ सागर जी



**नांदणी/महाराष्ट्र (विश्व परिवार)।** तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मतीसागर महाराज जी का 15 वां समाधी दिवस उदगांव कुंजवन में मनाकर चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य श्रमण मुनी श्री अनुत्तर सागर जी महाराज, श्रमण मुनी श्री प्रणेय सागर जी, श्रमण मुनी श्री प्रणव सागर जी, श्रमण मुनी श्री सर्वार्थ सागर जी, श्रमण मुनी श्री संकल्प सागर जी और श्रमण मुनी श्री सदभाव सागर जी महाराज जी उपसंघ का आज आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के साथ नांदणी (महाराष्ट्र) में मंगल प्रवेश होगा।

चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी सहित श्रवणबेलगोला (कर्नाटक ) और जैनरगुत्ती पंचकल्याणक के लिए विहार में उनके संघ के 19 शिष्य- 1 श्रमण मुनि श्री सुव्रतसागर जी, श्रमण मुनि श्री साम्य सागर जी, श्रमण मुनि श्री संजयंत सागर जी, श्रमण मुनि श्री यशोधर सागर जी, श्रमण मुनि श्री यत्न सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्ग्रन्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्मोह सागर जी, श्रमण मुनि श्री निसंग सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्विकल्प सागर जी, श्रमण मुनि श्री जितेंद्र सागर जी, श्रमण मुनि श्री सुभग सागर जी, श्रमण मुनि श्री सिद्ध सागर जी, श्रमण मुनि श्री सिद्धार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री सहर्ष सागर जी, श्रमण मुनि श्री सत्यार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री सार्थक सागर जी, श्रमण मुनि श्री सार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री समकित सागर जी।

19 श्रमण मुनि श्री सम्यक सागर जी यह सभी मुनि आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के साथ श्रवणबेलगोला (कर्नाटक ) और जैनरगुत्ती पंचकल्याणक के लिए आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के साथ विहार में थे।

सोलापुर पंचकल्याणक संपन्न करके आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के शिष्य मुनि श्री सौम्यसागर महाराज जी, मुनि श्री सारस्वत सागर महाराज जी और मुनि श्री जयंतसागर महाराज जी उपसंघ का आज आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के साथ नांदणी (महाराष्ट्र) में मंगल प्रवेश होगा। ऐसे आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के दो उपसंघ का मिलन होगा और सभी 28 पिच्छी का एक साथ नांदणी पंचकल्याणकी के लिए नांदणी (महाराष्ट्र) में मंगल प्रवेश होगा।

आचार्य विशुद्धसागर महाराज जी के शिष्य विचित्र बाते प्रणेता श्रमण मुनी श्री सर्वार्थ सागर जी ने कहा कि - अतिशय क्षेत्र नांदणी में आचार्य विशुद्धसागरजी महाराज ससंघ का 2024 साल का चातुर्मास संपन्न हुआ और उन्हीं के मंगल सानिध्य में 1जनवरी 2025 से प्रारंभ होगा भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव।

पश्चिम महाराष्ट्र के कोल्हापूर जिले के शिरोळ तहसिल में नांदणी यह गांव है। कोल्हापूर से पूर्वे की ओर 35 कि. मी., बेलगांव से उत्तर की ओर 100 कि. मी., सांगली से 15 कि . मी. और जयसिंगपूर से दक्षिण की ओर। कि. मी. की दुरी पर नांदणी तीर्थक्षेत्र स्थित है। अनेक ऋषि मुनीयों के तपस्या से पावन तथा प्राचीन मूर्ती के लिए सुविख्यात नांदणी यह प्राचीन तीर्थक्षेत्र अनेक लोगों का श्रद्धास्थान है।

नांदणी मठ के आधीपत्य में दक्षिण महाराष्ट्र और उत्तर कर्नाटक के 743 गांव समाविष्ट है। इन सभी गांव में जैन धर्म के सभी धार्मिक महोत्सव, विधिविधान, पंचकल्याणक, धर्म का प्रसार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी के आदेश से और आशीर्वाद से सानंद संपन्न होते है। इस मठ के द्वारा नूतन जिनालयों की निर्मिती, प्राचीन और पुराणे जिनालयों का जीर्णोद्धार, धार्मिक साहित्य की निर्मिती का कार्य, धर्मप्रसार एवं समस्याओंका समाधान प.पू.जगद्गुरु स्वस्तिश्री जिनसेन स्वामीजी के मार्गदर्शन से किया जाता है। नांदणी के मठ द्वारा सार्वधर्म इस मासिक पत्रिका के माध्यम से जैन तत्त्वज्ञान का प्रचार - प्रसार कार्य होता है।

आचार्य विशुद्धसागर महाराज जी के सानिध्य में होगा भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव- दिनांक 1 जनवरी 2025 से 9 जनवरी 2025 तक नांदणी में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज जी के सानिध्य में और स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक स्वामीजी, नांदणी के अधिनेतृत्व में संपन्न होगा। वृषभाचल पर भगवान आदिनाथ बृहन्मुर्ती के बाजु में भ. मुनीसुव्रतनाथ तीर्थंकर की 21 फूट की पद्मासन प्रतिमा का पंचकल्याणक होगा। श्रमण मुनी श्री सर्वार्थ सागर जी ने कहा कि इस भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव और महामस्तकाभिषेक कार्यक्रम का प्रभावशाली अधिनेतृत्व स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी करेंगे। नमोस्तु शासन जयवंत हो।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## संसार के जितने भी संयोग हैं वह सभी उस स्वप्न के समान है जो हम निद्रा अवस्था में देखते हैं : मुनि श्री प्रमाणसागर जी

**विदिशा (विश्व परिवार)।** मैं कौन हूं? मेरा क्या है? मैं क्या कर रहा हूं? और क्या करना चाहिये? संसार के जितने भी संयोग हैं वह सभी उस स्वप्न के समान है जो हम निद्रा अवस्था में देखते हैं, सपने में जो कुछ भी दिखता है वह उस समय तो सच लगता है आंख खुली और वह सपना झूठा हो जाता है उसी प्रकार संसार के सभी सम्बन्ध सपने के समान हैं जो आप जागते हुये देख रहे हैं आंख मुची और वह अपना चला जाता है। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने उदासीन आश्रम इंदौर में प्रात:प्रवचन सभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने जानो- जागो- त्यागो और जिओ इन चार क्रिआओं को हमें जानना है, उन्होंने कहा कि में ये हुं में बो हूं कि काल्पनिक छवि अपने मन मस्तिष्क में बैठा रखी है उसके लिये हम पूरी जिंदगी खपा देते है और बास्तविक छवि जो में हुं उसे जानते नहीं और न जानने का प्रयास करते हो और आपाधापीऔर भागम्भाग में ही पूरा जीवन खपा देते हो




मुनि श्री ने एक कथानक सुनाते हुये कहा एक सेठ का 15 वर्ष पहले उनका बेटा किसी मेले में खो गया और वह किसी भिखारी को मिला उनके साथ रहकर वह भी भिखारी हो गया एक दिन भीख मांगते मांगते वह सेठ की हबेली में पहुंचा तो सेठानी ने उसे देखा तो उसके दूध उमड़ने लगा उसका मातृत्व जागा उसने उस युवा भिखारी को ध्यान से देखा तो उसे उसमें अपने खोये हुये बेटे की छवि नजर आई और उसने सेठजी को बुलाया और अपनी शंका उन्होंने सेठजी को प्रकट की सेठजी ने भी भिखारी को देखा और उस भिखारी से दांया हाथ दिखाने को कहा उस पर बचपन का गुदाया हुआ गुदना सोहं लिखा हुआ था जैसे ही सेठ को अपना खोया हुआ बेटा मिलता है वह खुशी से उस भिखारी को गले लगा लेता है। मुनि श्री ने कहा कि यंहा जो लोग बैठे है वह सभी सेठ है अपने आपको पहचानो सभी के अंदर सोहं जुड़ा हुआ है जिस दिन आपको अपनी असलियत का ज्ञान हो जाऐगा कि में भी परमात्मा बन सकता हूं उसी दिन से आपके अंदर परिवर्तन आ जाऐगा। उपरोक्त जानकारी देते हुये प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया उदासीन आश्रम में प्रात:काल भगवान महावीर का अभिषेक एवं शांतिधारा मुनि श्री के मुखारविंद से संपन्न हुई।मुनि श्री निर्वेगसागर महाराज एवं मुनि श्री संधान सागर महाराज सहित समस्त क्षुल्लक महाराज उपस्थित थे। **-अविनाश जैन**

## भगवान चन्द्रप्रभू एवं पार्श्वनाथ जयन्ती आज, शहर के 250 से अधिक जैन मंदिरों में होगें पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन

**जयपुर (विश्व परिवार)।** जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्र प्रभू एवं 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस गुरुवार, 26 दिसम्बर को भक्ति भाव से मनाया जावेगा।इस मौके पर शहर के 250 से अधिक दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये जायेंगे।

राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि प्रात: दोनों तीर्थंकरो के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की जावेगी। तत्पश्चात श्री जी की पूजा अर्चना की जाकर पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ दोनों तीर्थंकरो के जन्म व तप कल्याणक अर्घ्य चढाया जावेगा।महाआरती के बाद समापन होगा। श्री जैन के मुताबिक दुर्गापुरा के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में अध्यक्ष प्रकाश चांदवाड एवं मंत्री राजेन्द्र काला के नेतृत्व में भगवान चन्द्र प्रभू के जन्म व कल्याणक दिवस पर प्रात: अभिषेक, शांतिधारा के बाद भगवान चन्द्रप्रभू पूजा एवं कल्याण मंदिर स्तोत्र पूजा विधान का संगीतमय आयोजन किया जाएगा। प्रात: 9.00 बजे मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें।सायंकाल 6 बजे वर्धमान स्तोत्र अनुष्ठान होगा। श्री जैन के मुताबिक ख्वास जी का रास्ता स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सोनियान में मुनि अर्चित सागर महाराज के सानिध्य में अध्यक्ष कमल दीवान के नेतृत्व में प्रतिष्ठाचार्य पं. प्रद्युम्न जैन शास्त्री के निर्देशन में पंचामृत अभिषेक, विघ्न हरण पार्श्वनाथ विधान होगा। सायंकाल आरती व भजन संध्या होगी। आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी में प्रात: मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के अभिषेक के बाद मंदिर परिसर से पाण्डुक वन तक पालकी जुलूस निकाला जाएगा।



तत्पश्चात पाण्डुक शिला पर श्री जी के ऋद्धि मंत्रों से युक्त 108 कलश द्वारा भगवान के अभिषेक एवं बीजाक्षरों से शांतिधारा की जाएगी। तत्पश्चात सामूहिक पूजा विधान होगा।

सांख (सिंदौली) के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में 650 वर्ष प्राचीन भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा का जन्म व तप कल्याणक दिवस मनाया जावेगा। नटाटा आमेर के श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस मनाया जावेगा।

श्योपुर के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा विधान के विशेष आयोजन किये जाएंगे। श्री जैन के मुताबिक सांगानेर के श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी, गलता रोड पर अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावडी, सूर्य नगर तारों की कूंट पर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, बैनाड़ स्थित श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, खोह नागोरियान स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह, महारानी फार्म स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित कई मंदिरों में भगवान पार्श्वनाथ एवं भगवान चन्द्र प्रभू के जन्म व तप कल्याणक दिवस पर पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई की नवगठित कार्यकारिणी का सम्मान समारोह संपन्न

**शिक्षक मनोयोग से शिक्षण कार्य कर अपने विद्यालयों को निपुण बनाने में योगदान दें: बी.ई.ओ. समर सिंह**

**तालबेहट/ललितपुर (विश्व परिवार)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी समर सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक तालबेहट की नवगठित कार्यकारिणी के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी समर सिंह ने कहा कि शिक्षक पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य में लगे रहें एवं अपने-अपने विद्यालयों को निपुण बनाने में योगदान दें, शिक्षकों की समस्याओं को ब्लॉक स्तर पर तुरंत निस्तारण किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान द्वारा यह आश्वस्त किया गया कि यह संगठन एक अनुशासित संगठन है जो सदैव शिक्षा एवं छात्र के हित में काम करता है एवं करता रहेगा। कोषाध्यक्ष शैलेश जैन ने कहा हम सभी पूर्ण मनोयोग के साथ शिक्षण कार्य करके अपने ब्लॉक को निपुण ब्लॉक एवं अपने जनपद को निपुण जनपद बनाने में अपना योगदान देते रहेंगे। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान, ब्लॉक मंत्री अनूप बुंदेला एवं कोषाध्यक्ष शैलेश जैन साथ वरिष्ठ पदाधिकारी जवाहर रजक, आनंद दीक्षित, ज्ञानेंद्र पाठक, कल्पना स्वामी, विभा सिंह, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश चंद्र उदैनिया, मानवेंद्र सिंह, संतोष गुप्ता, आशुतोष बिलगैया, वीरेंद्र कुमार, सौरभ कुमार, कदीर खान, मोहम्मद अकरम, विनय प्रताप, जितेंद्र कुमार कृष्णकांत वर्मा, विजेंद्र कुमार, सुशील कुमार, सुभाष मुस्तरिया, अमित राठौर, अमित खरे, संजीव साहू, तुलसीदास पुलैया, राघवेंद्र, जितेंद्र कुमार वर्मा, बृजेंद्र कुमार सहित कई अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत में ब्लॉक मंत्री अनूप बुंदेला और ए.आर.पी. आशुतोष बिलगैया ने सभी का आभार व्यक्त किया। बुंदेलखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय सह प्रवक्ता विशाल जैन पवा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी एवं शिक्षक हित में सदैव एकजुट रहने की अपील की।




**पारसनाथ एवं चंद्रप्रभ स्वामी का जन्म व तप कल्याणक आज** : सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित कसबे के दोनों जैन मंदिरों में आज 26 दिसम्बर गुरुवार को जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर चंद्रप्रभ स्वामी व 23वें तीर्थंकर पारसनाथ स्वामी का जन्म एवं तप कल्याणक धूमधाम से मनाया जायेगा। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा ने बताया कि पावागिरि सिद्ध क्षेत्र के मूलनायक पारसनाथ स्वामी एवं चौबीसी के मूलनायक चंद्रप्रभ स्वामी के महामस्तिकभिषेक शांतिधारा महाआरती एवं पूजन विधान का भव्य आयोजन किया जायेगा। जिसके लिये अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, मंत्री जयकुमार जैन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद्र जैन सहित प्रबंध समिति ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। **-विशाल जैन पवा**

## आचार्य श्री भारत भूषण जी मुनिराज ने 101 दिवसीय दिल्ली से गिरनार तक की श्री नेमि गिरनार धर्म पदयात्रा के लिए दिया आशीर्वाद

**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन और पदाधिकारियों ने 25 दिसंबर 2025 को मवाना जैन मंदिर जी में विराजमान पूज्य आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी मुनिराज से अगामी 23 मार्च 2025 को दिल्ली से आरंभ होकर 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान मोक्षस्थल गिरनार जी पर 2 जुलाई 2025 को निर्वाण दिवस पर पहुंचने वाली श्री नेमि गिरनार धर्म पद यात्रा के लिए मंगल आशीर्वाद और मार्गदर्शन लिया।




संगठन के अध्यक्ष श्री संजय जैन ने मवाना जैन समाज द्वारा पूज्य आचार्य श्री के सानिध्य में आयोजित विशेष सभा में जैन समाज को दिल्ली से लगभग 1500 किमी लंबी धर्म पदयात्रा के माध्यम से विभिन्न राज्यों के जैन समाज को जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण, अहिंसा व भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य की जानकारी देते हुए सभी को अपने परिवार और मित्रों सहित यात्रा में सम्मिलित होकर तीर्थ वंदना के पुण्यार्जन करने का आह्वाहन किया।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यश जैन ने बताया कि पूज्य जैन आचार्य श्री ने पद यात्रा के निर्विघ्न पूरा होने के आशीर्वाद के साथ जैन समाज को भगवान नेमिनाथ मोक्षकल्याणक के पावन दिवस 2 जुलाई 2025 को मोक्षस्थल गिरनार जी की यात्रा, दर्शन और निर्वाण लाडू समर्पण के लिए अधिक से अधिक संख्या में तीर्थ वंदना करने और उनके क्षेत्र से होकर जाने वाली धर्म पद यात्रा में शामिल होकर पुण्यार्जन का आशीर्वाद दिया।

मवाना जैन समाज से श्री विनय जैन, प्रवीण जैन और श्रीमती स्वस्ति जैन ने गिरनार जी यात्रा के लिए अपने सुझाव दिए और सभी को यात्रा में चलने और निर्वाण दिवस पर 2 जुलाई 2025 को गिरनार जी की यात्रा करने के लिए निवेदन किया। संगठन के अध्यक्ष संजय जैन द्वारा शिखर जी आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मवाना के युवा अर्चित जैन को संगठन की युवा प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाए जाने की घोषणा की और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यश जैन, सम्मानित सदस्य अनुज जैन और युवा प्रकोष्ठ से देवेश जैन के साथ अर्चित जैन को संगठन का बैच लगाकर सम्मानित किया।

विशेष सभा में मवाना से संयम जैन, सारथी जैन, मुदित जैन, नमन जैन, अक्षत जैन और समाज के अन्य गणमान्यों ने सहभागिता की। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा मवाना जैन समाज द्वारा सभा आयोजित किए जाने और सम्मान किए जाने के लिए आभार प्रकट किया। **-आकाश जैन**

## कुंडलपुर में 31 दिसंबर को ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति, नववर्ष पर होगा पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक

**कुंडलपुर दमोह (विश्व परिवार)।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में नव वर्ष 2025 का होगा भव्य आगाज।नव वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर 2024 रात्रि 8:00 बजे से जैन नाटक समिति पनागर के कलाकारों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में जैन वीर सपूत ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति का मंचन होगा। नव वर्ष आगमन पर पूज्य बड़े बाबा के श्री चरणों में संगीतमय महाआरती होगी, 1 जनवरी नव वर्ष 2025 की प्रात: बेला में भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा, पूजन, विधान होगा।सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना, पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तजनों से कुंडलपुर पधारकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।




## जैन तीर्थ अमरकंटक परिसर की दुकानों में लगी आग, 12 दुकानें जली, करोड़ों की संपत्ति जलकर राख

**अनुपपुर के कलेक्टर, एस पी ने देखा घटनास्थल, 50-50 हजार रुपयों की सहायता राशि दी जायेगी**

**गौरेला (विश्व परिवार)।** अमरकंटक के जैन तीर्थ परिसर में जैन धर्मावलंबियों की व्यवसायिक दुकानों में मध्यरात्रि में आग लगने से सभी बीस दुकानें जलकर राख हो गयीं। इन दुकानों में सौंदर्य प्रसाधन व कीमती खिलौनों सहित अन्य श्रृंगार की कीमती वस्तुओं का विक्रय किया जाता था। अनुमान है कि करोड़ों की हानि हुई है। आग लगने के कारण का पता नहीं चला है। दुकानदारों द्वारा संभावना व्यक्त की जा रही है कि उनके व्यवसाय से द्वेष रखने वालों का हाथ हो सकता है। इन दुकानों में 11 दुकानें जैन धर्मियों और एक दुकान सोनी की थीं।





अमरकंटक आने वाले तीर्थयात्री और पर्यटक इन दुकानों से खरीददारी करते थे।बाहर से आकर बसे इन दुकानदारों के प्रति ईर्ष्या रखने वाले के ऊपर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। आग लगने की त्रासदी की सूचना पर अनुपपुर जिला के कलेक्टर और एह पी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित दुकानदारों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और प्रशासन की ओर से पचास पचास हजार रुपयों की सहायता राशि की घोषणा की।

अमरकंटक जैन मंदिर के सामने की दुकानों में लगी आग- आग की लपट इतनी तेज थी कि दुकानों में रखा हुआ सामान कुछ ही देर में ही सब कुछ जलकर हुआ राख हो गया। 12 दुकानें जलकर हुई राख, करोड़ो का माल भरा हुआ था इन दुकानों में वो सब आग की भेंट चढ़ गया। दुकान दारों ने जानकारी देते हुए बताया कि रात करीब 9 30 से 12 बजे के आसपास आग लगने की घटना हुई होगी। दुकानों को बंद कर के सभी दुकानदार घर गए ही थे उसी दौरान हुआ आग लगने का हादसा की सूचना मिली। दुकान दारों ने आशंका जताई है कि किसी शत्रुता रखने वाले तत्त्व के द्वारा जानबूझकर आग लगाई गई।

अमरकंटक जैन मंदिर परिसर के पास ही मौजूद है नगर पंचायत और फायर ब्रिगेड दुकानदारों ने बताया कि आग लगने के बाद बार बार फोन लगाया गया कोई भी जिम्मेदार सही समय पर नही पहुँचा। देखते देखते ही 12 दुकानों में रखे करोड़ो रूपये के सामान जलकर राख हो गये। इस हानि से इन दुकानदारों के समक्ष रोजी रोटी का संकट छा गया है।

अमरकंटक में जैन धर्म का विशाल व भव्य मंदिर स्थापित है। इस मंदिर में अष्टधातु से ढली संसार की सर्वाधिक वजनी भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के दर्शन के लिये वर्ष भर लाखों दर्शनार्थी आते हैं। प्रशासन को इस लोकप्रिय सर्वोदय जैन तीर्थ की सुरक्षा पर भी ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

## एक नियम की सफलता जीवन को सफल बना देती है : मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज

**शुशील पाटनी आर के मार्वल ने की मुनि पुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज को नवीन पिच्छिका भेंट**

### अशोक नगर के युवाओं ने इतिहास रच दिया : सुशील पाटनी

**सागर (विश्व परिवार)।** आज जो पिच्छिका परिवर्तन समारोह हुआ महाराज जी अशोक नगर के युवाओं ने इतिहास रचा दिया ऐसा पिच्छिका परिवर्तन कभी हुआ किसी सोचा नहीं होगा अशोक नगर के युवा कैसे कर लेते हैं इतना सब कुछ उन्हें जितना सराह जाये कम है और महाराज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की सम्पूर्ण जीवन झांकी को बहुत ही अच्छी तरह प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया और उनकी समाधि की प्रस्तुति ने तो हजारों लोगों को रूला दिया उक्त आश्य केउद्गार मोराजी सागर में जिज्ञासा समाधान में भामाशाह परिवार से श्री मति शुसीला पाटनी ने व्यक्त किए।

इसके पहले पिच्छिका परिवर्तन समारोह में शामिल होने मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री गोविंद राजपूत व विधायक शैलेंद्र जैन डी आई जी सुनील कुमार डी एस पी नितिन जैन सहित अन्य प्रमुख जनो ने भाग लिया इस दौरान गोविन्द राजपूत ने कहा कि इतने बड़े संत का सागर में आना ही बड़े सौभाग्य की बात है इसमें मेरा परम सौभाग्य की मेरे पिता जी ददाजी सहित सभी के नाम गुरु जी के मुख से निकले मैं तो धन्य हो गया ऐसे महान संत को पूरे परिवार के नाम तक पता है जहां गुरु जी का जन्म हुआ वहीं पास में ही ईश्वर के निकट हमारा भी गांव है इस दौरान विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि इस चातुर्मास में एक से बढ़कर एक समारोह हुआ जिनने इतिहास रच दिया मंत्री जी का सागर समाज द्वारा सम्मानित किया गया इस दौरान अशोक नगर जैन समाज राकेश कासंल अध्यक्ष अशोक जैन टींगू युवा वर्ग संरक्षक विपिन सिंघई ने स्वागत किया।



युवा वर्ग का सम्मान किया सागर समाज ने इस अवसर पर युवा वर्ग के सुलभ अखाई सचिन एन एस अंकित सन्तुरा जेकी आखाई सुभम कासल सिघई अभिषेक ठेकेदार मनीष सिघइ मन्टूछाया टिंकलजैन मोहित मोहरी जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री मनोज भैसरवास विपिन सिंघई विनोद मोदी शैलेन्द्र दददा मनोज भैसरवास आदि ने श्री फल भेट किये इसका सम्मान कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र जैन सद्दू भइया राजेश ऐडीना आशीष पटना राजकुमार मिनी साहिल डवडैरा अंशुल जैन केसली प्रशांत सानौधा अंकुश जैन चक्रेश सिंघई अर्पित जैन मनीष जैन ने किया।

इस दौरान मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने कहा कि अच्छे कार्य मे न मत बोलना, ये मत बोलना कि मैं असमर्थ है, ये कहना कि करना तो है लेकिन जिस दिन आ जाएगा उस दिन करूँगा। यदि तुम पहले से ही कट कर रहे हो तो फिर तुम्हारी नकारात्मक शक्ति बढ़ेगी, तुम बिल्कुल असमर्थ सही में होते जाओगे। संसार के किसी भी कार्य की तुम भावना मत करना कि मैं इतना भोजन करूँ, भूख लगेगी तो खाऊँगा कोई आपत्ति नहीं, इतना मात्र करने से आप मिथ्यादर्शन खत्म होके सम्यकदृष्टि की कोटि में आ जाओगे। भावना करने से आप एक दिन उस भावना को पूरी करने में समर्थ हो जाओगे। उन्होंने कहा कि ऐसा नियम करो जब तक मेरे नहाने का लोटा उठता रहेगा, तब तक मैं अभिषेक का कलश उठाता रहूँगा, हो सकता है इस नियम से तुम सदा नहाने लायक बने रहोगे क्योंकि तुम्हारा नियम है कि जब तक मैं नहाता रहूँगा तब तक मैं अभिषेक करता रहूँगा। जब तक मैं मुँह में रोटी का ग्रास देता रहूंगा, तब तक तेरा अर्घ्य भी चढ़ता रहेगा शायद इस नियम से रोटी का ग्रास उठाने की ताकत बनी रहे। जब तक मैं दुकान जा रहा हूँ तब तक मैं मंदिर भी जाता रहूँगा, शायद इस बहाने पैरों में पैरालिसिस न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### धान चोरी कर रहे युवक को ग्रामीणों ने जमकर पीटा

**धमतरी(विश्व परिवार)।** तीन कट्टा धान चोरी के आरोप में एक युवक को आधी रात घर से उठाकर 10 से 12 महिलाओं व ग्रामीणों ने घसीटकर ले गए और चार घंटे तक युवक की लाठी-डंडे जमकर पिटाई किया। नाजुक हालत में युवक को उनके घर छोड़कर सभी आरोपी भाग निकले। इलाज के लिए परिजनों ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, तो डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार कुरूद थाना के ग्राम सिरसिदा निवासी कार्तिक पटेल (19) को धान चोरी के आरोप में गांव के करीब 10 से 12 लोग 22 दिसंबर की रात दो बजे उनके घर में घुसकर उन्हें उठा लिया और को घसीटते हुए गांव के आदिवासी पारा ले गए। यहां युवक को घेरकर ग्रामीणों ने लाठी-डंडे से सुबह छह बजे तक करीब चार घंटे तक पिटाई की। इस बीच गंभीर रूप से घायल युवक उन्हें अस्पताल ले जाने की गुहार लगाते रहे। जब युवक की नाजुक स्थिति बनी, तो ग्रामीणों ने उन्हें गंभीर हालत में उसके घर के पास छोड़कर चले गए। जैसे-तैसे स्वजन 23 दिसंबर की सुबह सात बजे कुरूद के शासकीय अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल धमतरी रिफर किया गया। यहां डाक्टरों ने जांच के बाद कार्तिक पटेल को मृत घोषित कर दिया।

### प्रेमिका को चाकू से गोद प्रेमी फरार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है यँहा एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से हमला कर दिया. घटना के बाद आरोपी प्रेमी मौके से फरार हो गया, जबकि प्रेमिका को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है. यह मामला बसंत पुर थाना क्षेत्र का है। राजनांदगांव के एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि राकेश पटेल और शशि देवदास रामसागर पारा में कुछ दिनों से साथ रह रहे थे. आज सुबह दोनों के बीच में किसी बात पर विवाद हुआ इसके बाद शशि के साथ रहने रहने वाला व्यक्ति राकेश पटेल ने शशि के हाथ में चाकू से हमला कर दिया जिसको तुरंत अस्पताल ले जाया गया. जहां पर शशि देवदास की हालत स्थिर बताई जा रही है। शशि और राकेश के बीच में विवाद क्यों हुआ कारण अज्ञात है।

### शादी का प्रलोभन देकर अनाचार

**भानुप्रतापपुर(विश्व परिवार)।** दिनांक 23.12.2024 को प्रार्थिया लिखित आवेदन पेश कर थाना नरहरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सूरजभान मंडावी बरेठीनबाहरा मुझे शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती मेरे साथ शारीरिक सबंधं बनाया। प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना नरहरपुर में अपराध क्रं. 179/2024 धारा 69 ब्न्हस पजीबध्द कर विवेचना में लिया गया उपरोक्त संबंध में श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय आई. के. एलिसेला, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर संदीप पटेल (भा.पु.से.), श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दिनेष सिन्हा के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना नरहरपुर द्वारा तत्काल टीम गंठित कर 24 घण्टे के अंदर आरोपी सूरजभान मंडावी का पता तलाष कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेष किया गया।

### धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी के आमातालाब शराब भट्ठी के पास धारदार चाकू लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा आरोपी के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में धारा 25,27आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना सिटी कोतवाली पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था की ईतवारी बाजार के पास मुखबिर से सुचना मिली कि एक व्यक्ति अपने हाथ में एक धारदार हथियार को लहराते हुये आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान आमातालाब शराब भट्ठी के पास पहुंची तथा चाकू लहरा रहे युवक को गिरफ्तार किया। पुछने पर आरोपी ने अपना नाम मनीष साहू उम्र 25 वर्ष साकिन रामसागर पारा धमतरी का रहने वाला बताया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी से चाकू बरामद कर उसके खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर,आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। धमतरी पुलिस द्वारा शहर में ऐसे घटनाओं को रोकने के लिये ऐसे असमाजिक तत्वों एवं बदमाशों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# जल जीवन मिशन से महिलाओं को मिल रही राहत

## गांव के घर-घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल



**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** जिले से लगभग 34 किलोमीटर दूरी पर स्थित फरसगांव विकासखंड का ग्राम खण्डसरा जहां की आबादी 621 है, जो आज विकास और समृद्धि की नई कहानी लिख रहा है। कभी इस गांव के लोगों के लिए पानी का मुख्य स्त्रोत हैंडपंप थे। पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए जल जीवन मिशन के तहत खण्डसरा गांव की तस्वीर बदल रही है। और इस मिशन के तहत आज हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल 110 घरों में पहुंचाया जा रहा है। जिससे अब हर घर में नल का पानी उपलब्ध है। इस कदम ने गांव को हर घर जल ग्राम का दर्जा दिलाया है। इस योजना ने गांव की महिलाओं के जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। पहले पानी लाने में महिलाओं को बहुत समय और मेहनत लगती थी। सुबह का अधिकांश समय पानी लाने में बीत जाता था, जिससे उनके स्वास्थ्य और अन्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। लेकिन अब हर घर नल कनेक्शन के कारण पानी की समस्या समाप्त हो गई है। महिलाओं ने बताया कि इस योजना से न केवल उनका समय बचा है, बल्कि अब वे अन्य कार्यों को भी समय पर पूरा कर पा रही हैं। गांव में जल वाहिनी नामक समूह का गठन किया गया है, जिसमें महिलाओं को जल परीक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। निमेश्वरी, शांति, लच्छतीन, सरस्वती और राजबती जैसी महिलाएं जल जांच का कार्य कर रही हैं, जिससे गांव के पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित हो रही है। जल जीवन मिशन ने स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर गंदे पानी से होने वाली बीमारियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गांव में हर घर शुद्ध पेयजल से दूषित पानी पीने की समस्या का समाधान हुआ है। जिससे जलजनित रोगों के मामलों में कमी आई है। यह योजना न केवल ग्रामीणों के स्वस्थ जीवन के लिए कारगर साबित हो रहा है, बल्कि महिलाओं और बच्चों के जीवन को भी आसान बना रही है। गांव के लोगों ने जल जीवन मिशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले पानी की कमी एक बड़ी समस्या थी। लेकिन अब हर घर में नल कनेक्शन होने से जीवन सरल हो गया है। गांव की शांतिबाई ने बताया, पहले हमें दूर से पानी लाना पड़ता था। गर्मी के दिनों में यह काम और भी कठिन हो जाता था। अब नल कनेक्शन के कारण यह समस्या समाप्त हो गई है। हमारे बच्चे अब बिना किसी रुकावट के स्कूल जा पाते हैं, और हम महिलाएं अन्य कार्यों में समय लगा पाती हैं। गांव के सरपंच नारायण नाग ने बताया कि जल जीवन मिशन ने हमारे गांव में समस्याओं का समाधान करके ग्रामीणों के जीवन को आसान और सुखद बना दिया है। पहले जहां पानी के लिए माहिलाएं, बच्चों और बुजुर्गों को मुश्किलें झेलनी पड़ती थीं, वहीं अब हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध है। इस योजना से न केवल जीवन की मुश्किलें कम हुई हैं बल्कि सभी की खुशी और संतुष्टि में भी वृद्धि हुई है।

# कमिश्नर ने नीट और जेईई की तैयारी कर रहे बच्चों का किया उत्साहवर्धन



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने मंगलवार को धरमपुरा स्थित ज्ञानगुड़ी में नीट और जेईई प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग का जायजा लिया और यहां पर नीट एवं जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कमिश्नर ने कोचिंग कक्षाओं में इन बच्चों से रूबरू होकर उनकी पढ़ाई एवं अन्य सुविधाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन जरूरी है। अभी जो अवसर है उसका बेहतर उपयोग करें। वर्तमान में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इसे मद्देनजर रखते हुए प्रवेश परीक्षा के पैटर्न पर श्रेष्ठतम तैयारी करें। उन्होंने इन बच्चों को आगामी प्रवेश परीक्षाओं में सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं देते हुए अपने गांव, घर और क्षेत्र का नाम रौशन किए जाने की समझाइश दी। कमिश्नर ने ज्ञानगुड़ी में कोचिंग लेने वाले बच्चों की ज्यादा संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष सहित ऑनलाइन पढ़ाई के लिए जरूरत के अनुरूप कम्प्यूटर की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। साथ हीं अध्यापन हेतु आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

# बस्तर कमिश्नर ने की नेरली-धुरली जल प्रदाय योजना की समीक्षा

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने कहा है कि दंतेवाड़ा जिले के नेरली और धुरली जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से ईलाके के सभी गांवों में शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें। इस दिशा में जिन गांवों में पाईप लाईन विस्तार तथा अन्य कार्य प्रगति पर हैं, उसे जल्द पूर्ण करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उक्त दोनों योजनांतर्गत जलापूर्ति हेतु ईलाके के सभी गांवों का सेचुरेशन शीघ्र सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के बैलाडीला आयरन ओर प्रोजेक्ट के खनन क्षेत्र के ईलाके में लाल पानी के प्रभाव को रोकने हेतु स्थायी समाधान जरूरी है, इसे मद्देनजर रखते हुए उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा। कमिश्नर बस्तर सिंह सोमवार को आयुक्त कार्यालय के सभागार में नेरली एवं धुरली जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन स्थिति सहित खनन क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में लाल पानी के प्रभाव को रोकने सम्बन्धी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। कमिश्नर ने नेरली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत शामिल 08 गांवों में से शेष 05 गांव बेंगपाल, मदाड़ी, चोलनार, कलेपाल और समलवार में पाईपलाइन विस्तार सहित अन्य सभी कार्यों को जल्द पूर्ण किए जाने कहा। साथ ही टेस्टिंग करने के बाद पेयजल आपूर्ति शुरू किए जाने के निर्देश दिए। वहीं धुरली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत शामिल 17 गांवों में नियमित तौर पर जलापूर्ति सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान में गंजेनार एवं मसेनार में नियमित जल प्रदाय के लिए जो कार्य प्रगतिरत हैं, उसे शीघ्र पूर्ण कर ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाए।

## सफलता की कहानी : प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लोगों को मिल रही राहत

**धमतरी(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। धमतरी के रामपुर वार्ड स्थित सपना पिंक सिटी के श्री श्रीकांत सरोज बताते हैं कि उन्हें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी समाचार पत्र-पत्रिकाओं के जरिए प्राप्त हुई। इस बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यालय से सम्पर्क किया तथा योजना का लाभ लेने आवेदन दिया और एक माह में ही उनका सौर पैनल लग गया। वे बताते हैं कि उन्होंने तीन किलोवॉट का पैनल लगवाया है, इससे अब बिलकुल बिजली बिल नहीं पटाना पढ़ रहा। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे न केवल बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सस्ती बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना के तहत सौर पैनल इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। योजना का एक अन्य लाभ है कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगी, जिससे वहां की जीवनशैली में सुधार होगा। सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है।

# महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की जांच कर बेहतर क्रियान्वयन करें : कलेक्टर

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि महतारी वंदन योजना के पात्र हितग्राहियों का वास्तविक जांच कर योजना का बेहतर क्रियान्वयन करे। साथ ही योजना के हितग्राहियों की मृत्यु होने पर संबंधित का नाम कटवाने की कार्यवाही कर पंजी संधारित करें। जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का नियमित उठाव के लिए अवकाश के दिनों में भी हमालों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किए। कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के लिए की जा रही डाटा का एंट्री कार्य की समीक्षा की और डाटा को ग्राम पंचायतवार जानकारी के आधार पर अपडेट करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्रणी बैंक, आदिम जाति कल्याण विभाग, उद्योग, कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, महिला एवं बाल विकास, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन विभाग दूरसंचार, क्रेडा तथा ऊर्जा विभाग के योजनाओं को सेचुरेशन करने कहा। कलेक्टर ने सातों ब्लॉक के एक-एक गांव को चिंहाकित कर सेचुरेशन के लिए 27 दिसंबर से शिविर आयोजित कर योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने पीएम आवास योजना की प्रगति हेतु प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने और योजना के लंबित निर्माण कार्यो वालों गावों में शिविर कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनपदवार आवास योजना के कार्यों का निरीक्षण हेतु जिला पंचायत के अधिकारियों को फील्ड पर जाने कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो में ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों के कार्यों की प्रगति, सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य, सेग्रीगेशन शेड, नाडेप टैंक, वर्मी टैंक एवं सोकपिट निर्माण कार्य की समीक्षा की।

# जिले के अंदरूनी इलाके में ग्रामीणों को मिल रही मूलभूत सुविधाएं

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत संवेदनशील क्षेत्रों में बनी सड़कों से सुगम आवागमन को मिला बढ़ावा



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के सुशासन के एक वर्ष और प्रशासन गाँव की ओर के तहत प्रशासन अंदरूनी इलाकों में पहुंच कर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए लगातार पहल कर रही है। जिसके फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के साथ ही पुल-पुलिया निर्माण किए जा रहे हैं। वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा बस्तर जिले के दरभा विकासखण्ड अंतर्गत अंदरूनी संवेदनशील क्षेत्र कोलेंग से चांदामेटा तक पक्की डामरीकृत सड़क निर्मित किया गया है। जिससे इस ईलाके के बड़ी आबादी को बारहमासी सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो रही है। साथ ही ग्रामीणों एवं किसानों को वनोपज एवं कृषि उत्पाद हाट-बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत मिल रही है। वहीं स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए उक्त सड़क सहायक साबित हो रही है। वस्तुतः इस सड़क के निर्माण से उक्त दूरस्थ संवेदनशील ईलाके के कई मजरे-टोले विकास की मुख्य धारा में जुड़ चुके हैं। जिले में प्रशासन गांव की ओर पहुंच से वनांचल क्षेत्रों में कई पुल-पुलिया का निर्माण किया गया है। जिसके तहत कटेनार से कोयकीमारी मार्ग में डेढ़ मीटर पुलिया निर्माण, गडियापारा चंदेला रोड पर 06 मीटर पुलिया निर्माण, बोमड़ापारा से मुसापारा सड़क पर 03 मीटर आरसीसी स्लेब कलवर्ट का निर्माण किया गया है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल रही है। कोलेंग से छिन्दगुर नाला एवं छिन्दगुर नाला से चांदामेटा सड़क को नक्सली प्रभावित क्षेत्र होने पर भी कार्य को गुणवत्ता सहित पूर्ण किया गया है। कोलेंग से मार्ग अत्यंत सवेदनशील क्षेत्र से गुजरती है, जो इस अंदरूनी ईलाके के लोगों के लिए जीवन रेखा साबित हो रही है। यह सड़क वर्ष 2021-22 में विशेष केंद्रीय सहायता मद में जीएसबी लेवल तक कार्य स्वीकृत हुआ था। उक्त कार्य पूर्ण होने के पश्चात् वर्ष 2022-23 में डीएमएफटी से डामरीकरण कार्य एवं 24 मीटर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया गया है।

## केशकाल में हुआ महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब मनाया जा रहा है। इस मौके पर 'सुशासन का एक साल-छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल' थीम पर मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह अंतर्गत केशकाल में विधायक नीलकंठ टेकाम के मुख्य आतिथ्य में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक टेकाम ने कहा कि राज्य शासन महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें शासन की महात्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं को सशक्त बनाने में कारगर साबित हो रही है। सम्मेलन में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ने प्रतिमाह एक हजार रूपए मिलने वाली राशि उपयोग से उनके जीवन में आए बदलाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि इस योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। ग्राम नाचनडीही के लाभार्थी गौरी मरकाम ने बताया कि महतारी वंदन से उन्हे बहुत लाभ मिल रहा है। नियमित रूप से योजना की राशि उनके बैंक खाते में जमा हो जाती है। इस राशि को बच्चों के पढ़ाई और छोटा सा कपड़े की दुकान में लगाती हैं।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## व्यापार समाचार

### भारत में हर साल खुल रहे तीस मिलियन नए डीमैट खाते


**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एसबीआई रिसर्च ने सोमवार को कहा कि भारत में 2021 से हर साल कम से कम 30 मिलियन नए डीमैट खाते खुल रहे हैं और लगभग हर चार में से एक अब महिला निवेशक है। यह बचत के वित्तीयकरण के चैनल के रूप में पूंजी बाजार का उपयोग करने के बढ़ते प्रचलन को दर्शाता है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में देश में कुल डीमैट खाते 150 मिलियन (जिनमें से 92 मिलियन एनएसई पर यूनिक इंवेस्टर्स हैं) को पार कर गए, जबकि वित्त वर्ष 2014 में यह संख्या मात्र 22 मिलियन थी। एसबीआई के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ.सौम्या कांति घोष ने कहा, इस साल नए डीमैट खातों की संख्या 40 मिलियन का आंकड़ा पार कर सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों को छोड़कर, वित्त वर्ष 2022 की तुलना में वित्त वर्ष 2025 में महिलाओं की भागीदारी राष्ट्रीय औसत से अधिक बढ़ी है। वित्त वर्ष 2025 में कुल डीमैट में महिलाओं की हिस्सेदारी के मामले में दिल्ली 29.8 प्रतिशत, महाराष्ट्र 27.7 प्रतिशत, तमिलनाडु 27.5 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है। वहीं, पूरे राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा औसत 23.9 प्रतिशत पर है। वहीं, बिहार 15.4 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश 18.2 प्रतिशत और ओडिशा 19.4 प्रतिशत के साथ इन राज्यों में पंजीकृत निवेशक आधार में महिलाओं की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से कम है। घटती औसत/मध्यिका आयु और 30 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों की बढ़ती हिस्सेदारी पिछले कुछ वर्षों में बाजारों में युवा निवेशकों की आमद को दर्शाती है, जो तकनीकी प्रगति, कम ट्रेडिंग लागत और सूचना तक बढ़ती पहुंच के कारण संभव हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, बाजार पूंजीकरण में 1 प्रतिशत की वृद्धि से जीडीपी विकास दर में 0.06 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

### पैसालो डिजिटल लिमिटेड बोर्ड ने प्रिफरेंशियल इश्यू के माध्यम से धन जुटाने की मंजूरी दी, एफपीआई प्रस्तावित अलोटियों में शामिल

**रायपुर।** पैसालो डिजिटल लिमिटेड (बीएसई: 532900, एनएसई: PAISALO), भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत एक समृद्ध सूचीबद्ध गैर-जमा लेने वाली एनबीएफसी, ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने गैर-प्रवर्तक (non-promoter) समूह इकाइयों को वारंट रूप में परिवर्तनीय प्रिफरेंशियल इश्यू के माध्यम से 258.16 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी दी है, जिसकी कीमत प्रति वारंट 58.20 रुपये है। एफपीआई यूनिको ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड और नोवा ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज फंड पीसीसी-टचस्टोन प्रस्तावित अलोटियों में शामिल हैं। हाल ही मे इसके बोर्ड ने निजी प्लेसमेंट के माध्यम से 5,00,000 रुपये के अंकित मूल्य के 600 सूचीबद्ध वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) के आवंटन को मंजूरी दे दी है, जो कुल मिलाकर 29.20 करोड़ रुपये है। पैसालो डिजिटल लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने सफलतापूर्वक 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के पहले किश्त में सुरक्षित विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (FCCB) जारी किए हैं, जो भारत के रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लागू ईसीबी (ECB) दिशानिर्देशों के अनुसार है। पैसालो डिजिटल लिमिटेड (PDL) ने अपनी पहली विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (FCCB) सफलतापूर्वक जारी की है, जो कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस इश्यू ने वैश्विक स्थायी आय फंडों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट फंडों से मजबूत सहभागिता देखी, जो कंपनी की विकास प्रक्षेपवक्र में विश्वास को दर्शाता है। एफसीसीबी एक 7.5% सुरक्षित साधन है जिसकी परिपक्वता अवधि पाँच साल है, जो 2029 में पूरी होगी, और निवेशकों को अपनी होल्डिंग्स को पूरी तरह चुकता इक्विटी शेयरों में परिवर्तित करने या उन्हें परिपक्वता तक बनाए रखने की लचीलेपन प्रदान करती है। यह रणनीतिक पहल पैसालो की विकास को प्रोत्साहित करने और एक गतिशील बाजार वातावरण के बीच वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस इश्यू से जुटाए गए धन भारत की विशाल अंडर-बैंक्ड जनसंख्या को सुलभ और समावेशी वित्तीय समाधान प्रदान करके सशक्त बनाने के पैसालो के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे।

### ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

एम्पीयर, एल्ट्रा और एली ब्रांडों के मशहूर ईवी निर्माता ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड, ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड व्यक्तिगत और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए बी2सी और बी2बी दोनों ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हुए इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई-2डब्ल्यू) और तिपहिया (3डब्ल्यू) खंडों में वाहनों की एक पूरी श्रृंखला पेश कर चुकी है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 1000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 18.9 करोड़ शेयर बिक्री की पेशकश शामिल है। बिक्री के लिए प्रस्ताव घटक के तहत, ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड, प्रमोटर विक्रय शेयरधारक 5.1 करोड़ इक्विटी शेयरों का विनिवेश करेगा और अब्दुल लतीफ जमील ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस डीएमसीसी, निवेशक विक्रय शेयरधारक 138,398,200 इक्विटी शेयरों (13.8 करोड़ शेयर) का विनिवेश करेगा। कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से, रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करने से पहले 200 करोड़ रुपये तक के प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पर विचार कर सकती है। यदि प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पूरा हो जाता है, तो नए इश्यू को ऐसे प्री-आईपीओ प्लेसमेंट की सीमा तक कम कर दिया जाएगा। 2008 में शुरू हुई ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (जीईएमएल) ने नए निर्गम से प्राप्त राशि का इस्तेमाल उत्पाद एवं प्रौद्योगिकी विकास में निवेश तथा बेंगलुरू स्थित अपने प्रौद्योगिकी केंद्र की क्षमताओं को बढ़ाने (375.2 करोड़ रुपये) में करने का प्रस्ताव किया है। साथ ही इस राशि से इन-हाउस बैटरी असेंबली क्षमताओं के विकास (82.9 करोड़ रुपये), बेस्टवे एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड (पूर्ण स्वामित्व वाली मैटेरियल सब्सिडियरी) की विनिर्माण क्षमता के विस्तार के लिए वित्त पोषण (19.8 करोड़ रुपये), एमएलआर ऑटो लिमिटेड (मैटेरियल सब्सिडियरी) की विनिर्माण क्षमता के विस्तार के लिए वित्त पोषण (38.2 करोड़ रुपये), अधिग्रहण के माध्यम से एमएलआर में कंपनी की हिस्सेदारी बढ़ाने (73.6 करोड़ रुपये), डिजिटलीकरण बढ़ाने और सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना की तैनाती (27.8 करोड़ रुपये), अज्ञात अधिग्रहणों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के माध्यम से अकार्बनिक विकास के लिए वित्त पोषण में करने का प्रस्ताव किया है।




## बॉक्सिंग डे टेस्ट : कोन्स्टास के डेब्यू की पुष्टि हेड की फिटनेस पर फैसला बाकी

**मेलबर्न( एजेंसी )।** युवा खिलाड़ी सैम कोन्स्टास बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वहीं, स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड का फिटनेस टेस्ट अब तक क्लियर नहीं हुआ है। यह अहम मुकाबला 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा। टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की है कि 19 वर्षीय कोन्स्टास अपना पहला टेस्ट खेलेंगे। वह एलन क्रेग, मौजूदा कप्तान पैट कमिंस और टॉम गैरेट के बाद बैगी ग्रीन कैप पहनने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे। बाकी प्लेइंग इलेवन का ऐलान क्रिसमस के दिन किया जाएगा, जब कप्तान पैट कमिंस अपनी प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने मंगलवार सुबह एमसीजी में ट्रेनिंग के दौरान बताया कि कोन्स्टास गुरुवार को भरे हुए स्टेडियम के सामने अपनी कैप प्राप्त करेंगे। इस दिन कोन्स्टास 468वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टेस्ट खिलाड़ी बन जाएंगे। कोच मैकडॉनल्ड ने कहा, हम चाहते थे कि टीम मीटिंग से पहले बल्लेबाजी क्रम को लेकर स्थिति स्पष्ट हो। आमतौर पर हम ऐसा नहीं करते, लेकिन इस बार लगा कि टीम को पहले से पता होना चाहिए। कोन्स्टास टीम में भी वैसे ही हैं जैसे बाहर दिखते हैं - शांत, संयमित और अपने खेल को समझने वाले। उन्होंने आगे कहा, कोन्स्टास ने अपने शॉट्स की विविधता और विरोधी टीम पर दबाव डालने की क्षमता दिखाई है। उन्हें मौका मिल रहा है, और हम उनके लिए बेहद उत्साहित हैं। बॉक्सिंग डे टेस्ट सबसे बड़ा मंच होता है, और यह डेब्यू के लिए परफेक्ट मौका है। हालांकि, ट्रेविस हेड का खेलना अभी तय नहीं है। कोच ने पुष्टि की कि हेड को तीसरे टेस्ट के दौरान बल्लेबाजी करते हुए मांसपेशियों में खिंचाव हुआ था। इसके बावजूद उम्मीद है कि वह मेलबर्न में खेल पाएंगे। पिछले दो टेस्ट मैचों के प्लेयर ऑफ द मैच रहे हेड ने मंगलवार को एमसीजी नेट्स में केवल असिस्टेंट कोच ब्रैड हॉज से थ्रो-डाउन का सामना किया। मैकडोनाल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि वह बल्लेबाजी में अच्छे लग रहे थे। उन्हें क्वाड में एक छोटा सा खिंचाव था। वह दौड़ पा रहे हैं। उनके खेलने की उम्मीद है।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले रोहित ने कहा, कोहली अपने रन बनाने का रास्ता खुद ढूंढ लेंगे

**मेलबर्न( एजेंसी )।** मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर भरोसा जताया है कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के बचे हुए मैचों में मजबूत वापसी करेंगे। कोहली ने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद के तीन पारियों में उनके स्कोर 7, 11 और 3 ही रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोहली की फॉर्म पर सवाल पूछे जाने पर रोहित ने कहा, आधुनिक दौर के महान खिलाड़ी अपनी राह खुद तलाशते हैं। दूसरी ओर, रोहित ने खुद को मिडिल ऑर्डर में भेजा है, लेकिन पिछले दो टेस्ट में वे केवल 19 रन बना सके। उन्होंने पहले टेस्ट में अपने दूसरे बच्चे के




जन्म के कारण हिस्सा नहीं लिया था। साथ ही, न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, जहां भारत 3-0 से हार गया था और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कमजोर पड़ गई थीं। फिलहाल पांच मैचों की यह सीरीज़ 1-1 से बराबर है। भारत को आखिरी दो टेस्ट जीतने होंगे ताकि अगले साल लॉर्ड्स में चैंपियनशिप का फाइनल खेला जा सके। इस दौरे में भारत की बल्लेबाजी, गेंदबाजी की तुलना में बड़ी चिंता बनी हुई है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की ओपनिंग जोड़ी ने रोहित को मिडिल ऑर्डर में भेजने पर मजबूर किया है, जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा है। रोहित ने माना कि बल्लेबाजी क्रम में संघर्ष हो रहा है, लेकिन उन्होंने किसी बदलाव पर खुलासा करने से इनकार किया और कहा कि मैच के दिन फैसला लिया जाएगा। रोहित ने कहा, कौन कहां बल्लेबाजी करेगा, इसकी चिंता न करें। यह टीम के लिए सबसे अच्छा क्या है, उस पर निर्भर करेगा।

## बेन स्टोक्स 3 महीने रहेंगे मैदान से रहेंगे दूर, ईसीबी ने दिया अपडेट


**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को बाएं हैमस्ट्रिंग में बार-बार होने वाली चोट के कारण कम से कम 3 महीने के लिए सभी क्रिकेट गतिविधियों से बाहर कर दिया गया है।इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पुष्टि की है कि 33 वर्षीय ऑलराउंडर की जनवरी में सर्जरी होगी।वह पिछले महीने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के तीसरे टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। स्टोक्स को इस साल अगस्त में द हंड्रेड के एक मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। यह घटना तब



हुई जब वह मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेल रहे थे।स्टोक्स एक तेज रन दौड़ने के बाद दर्द से कराह रहे थे। उन्होंने अपनी बाईं हैमस्ट्रिंग को पकड़ लिया था।बता दें कि हाल ही में ईसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी अपनी टीम का ऐलान किया, जिसमें स्टोक्स को जगह नहीं दी थी। चोट के बावजूद स्टोक्स ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने हैमिल्टन में 36.2 ओवर फेंके, जो 2022 के बाद से टेस्ट में उनकी सबसे ज्यादा गेंदबाजी थी।न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज में उन्होंने 66.1 ओवर में 36.85 की औसत से 7 विकेट लिए थे।न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले वह श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में भी नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट टीम में वापसी की थी। स्टोक्स ने बताया कि वह मैदान में वापसी करने के लिए बेकरार होंगे।

## पेटीएम मनी ने लॉन्च किया पे लेटर, निवेशकों को मिलेगा लो-कॉस्ट ट्रेडिंग का विकल्प

**जयपुर( एजेंसी )।** भारत के घरेलू वेल्थ टेक ऐप पेटीएम मनी ने पे लेटर मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी शुरू की है, जिससे निवेशक कुल मूल्य का केवल एक अंश अग्रिम भुगतान करके स्टॉक खरीद और उसमें निवेश कर सकते हैं। प्लेटफ़ॉर्म बाकी राशि का भुगतान करेगा और पे लेटर (एमटीएफ) के ज़रिए इसे एग्जीक्यूट किया जाएगा जिस पर हर महीने 1% का इंट्रोडक्ट्री इंटरेस्ट लगेगा। यह निवेशकों की बाजार के अवसरों का लाभ उठाने की क्षमता को बढ़ाता है और यह सुनिश्चित करता है कि निवेशक केवल उन फंडों के लिए भुगतान करें जिनका वो असल में इस्तेमाल करते हैं। पेटीएम मनी पर पे लेटर (एमटीएफ) की शुरुआत से ट्रेडर्स और निवेशकों




को फायदा होगा, क्योंकि इससे ट्रेडिंग ज़्यादा आसान और लचीली हो जाएगी, खासकर उन लोगों के लिए जो पूरी पूंजी लगाए बिना शेयर बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहते हैं। इसके अलावा, यह शेयर बाजार में भागीदारी को लोकतांत्रिक बनाता है, जिससे देश भर के खुदरा निवेशकों के लिए यह आसान और अधिक किफायती हो जाता है। एक आसान अनुभव प्रदान करने के अपने कमिटमेंट के हिस्से के रूप में, पेटीएम मनी ने पे लेटर (एमटीएफ) की एक्टिवेशन प्रक्रिया को सरल और यूज़र-फ्रेंडली बनाया है। निवेशक सीधे अपनी अकाउंट सेटिंग के ज़रिए कुछ ही मिनटों में पे लेटर (एमटीएफ) को आसानी से एक्टिवेट कर सकते हैं। इसके अलावा, यूजर्स किसी ऐसे स्टॉक, जिनके लिए वो योग्य है का ऑर्डर देते समय मार्जिन विकल्प का चुनाव करके और ऑर्डर पेज पर नियमों और शर्तों से सहमत होकर पे लेटर (एमटीएफ) को एक्टिवेट कर सकते हैं। पेटीएम मनी के एमडी और सीईओ राकेश सिंह ने कहा, हम निवेश को आसान बनाने और वित्तीय पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी पे लेटर (मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी) निवेशकों की खरीदने की शक्ति को बढ़ाती है, खासकर उन लोगों की जो बिना पूरी पूंजी लगाए शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाना चाहते हैं।

## विनोद कांबली की तबीयत में हुआ कुछ सुधार, अस्पताल से खुद दिया अपडेट



**मुंबई( एजेंसी )।** हाल ही में पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके चलते उन्हें ठाणे के आकृति अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही थी।इस बीच खबर है कि कांबली की तबीयत में पहले से सुधार हुआ है।पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने खुद इस पर अपडेट दिया है और डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया है।आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। कांबली का इलाज कर रहे डॉ. विवेक त्रिवेदी ने बताया कि भारतीय क्रिकेटर के मस्तिष्क में थक्के की मौजूदगी का भी पता चला है।उनके स्वास्थ्य पर आकृति अस्पताल की मेडिकल टीम लगातार नजर रख रही है।अस्पताल के प्रभारी एस सिंह ने कांबली को अपने अस्पताल में आजीवन मुफ्त इलाज देने का वादा किया है।यह वादा तब किया गया है जब कांबली पिछले एक दशक से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। कांबली ने कहा, मैं यहां के डॉक्टरों की वजह से जीवित हूं। मैं बस इतना ही कहूंगा कि सर (डॉक्टर की ओर इशारा करते हुए) जो भी कहेंगे, मैं वही करूंगा। लोग देखेंगे कि मैं उन्हें कितनी प्रेरणा देता हूं।कांबली ने मुस्कुराते हुए यह बात कही, जो उनके ठीक होने का अच्छा संकेत है।वह पहले से कहीं बेहतर दिखाई दिए और उन्होंने डॉक्टरों, अस्पताल के कर्मचारियों और प्रशंसकों का अभिवादन भी किया।

## ओला इलेक्ट्रिक ने ईवी क्रांति को नई ऊंचाई पर पहुंचाया, पूरे देश में 4,000 स्टोर्स तक का रिकॉर्ड बनाया

**बेंगलुरु:** ओला इलेक्ट्रिक जो भारत की सबसेबड़ी ईवी कंपनी के नाम से जानी जाती है, उसने आज अपने नेटवर्कको 4,000 स्टोर्स तक बढ़ाने की घोषणा करी, जो मौजूदा नेटवर्क सेचार गुना ज्यादा है। यह दुनिया में ईवी नेटवर्क के सबसे बड़े विस्तारोंमें से एक माना जा रहा है, इस विस्तार से यकीनन देश में ईवी तकलोगों की पहुंच आसान हो जाएगी और ईवी के क्षेत्र में बहुत बड़ाविकास होने की संभावनाएं भी काफी हद तक बढ़ जाएंगी साथ हीईवी के प्रति भरोसा और उसे अपनाने को मजबूती भी मिलेगी।कंपनी ने बड़े पैमाने पर ईवी अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता के चलते 3,200 से भी ज्यादा नए स्टोर्स को लॉन्च किया है, जो सर्विससुविधाओं के साथ जुड़े हुए हैं। ऐसा कर कंपनी ने टियर-1 औरटियर-2 शहरों के अलावा छोटे छोटे कस्बों और तहसीलों तक अपनीपहुंच को बड़ी गहराई से बढ़ाया है। इस विस्तार के साथ ओलाइलेक्ट्रिक ने अपने #सेविंग वाला स्कूटर अभियान के तहत किए गएवादे को पूरा कर दिया है। भविष अग्रवाल ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और मैनेजिंगडायरेक्टर ने बताया कि, हमने जो



वादा किया था, उसे आज पूराकर दिखाया है। भारत के ईवी के सफर में आज का दिन बहुत बड़ाहै, क्योंकि हमने अपने नेटवर्क का विस्तार हर शहर, हर कस्बे और हर तालुका तक कर दिया है। हमारे नए स्टोर्स, जो सर्विस सेंटर्स केसाथ जुड़े हैं, उन्होंने ईवी खरीदने और उसे इस्तेमाल करने के अनुभवको पूरी तरह से बदल दिया है। #सेविंग वाला स्कूटर अभियान केसाथ हमने नए मानक स्थापित किए हैं। जैसे-जैसे हम उन्नत हो रहेहैं, हम इन्नोवेशन की सीमाओं को नया आयाम देने और देश को #EndICEAge की ओर तेजी से ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## श्रेयस मीडिया ने महाकुंभ 2025 के एडवरटाइजिंग राइट्स हासिल किए

**नई दिल्ली।** श्रेयस मीडिया (आध्याश्री इंफोटेनमेंट की एक शाखा), भारत की प्रमुख सेल्स और मार्केटिंग कंपनी, ने घोषणा करते हुए बताया कि उसने महाकुंभ मेला 2025 के लिए विशेष एडवरटाइजिंग राइट्स हासिल कर लिए हैं। यह आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होगा। इसके साथ ही, कंपनी ने वेंडिंग जोन, एंटरटेनमेंट जोन और फूड कोर्ट जैसी कई अन्य गतिविधियों के राइट्स भी हासिल किए हैं। भारतीय कंपनियां इस 45-दिवसीय महाकुंभ मेले में ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर लगभग 3,000 करोड़ रुपये खर्च करने वाली हैं, क्योंकि ब्रांड इस 12 वर्षों में एक बार होने वाले बड़े आयोजन में विशाल अवसर देख रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 6,300 करोड़ रुपये के बजट के साथ आयोजित, महाकुंभ मेला 2025 में दुनिया भर से 500 मिलियन से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला यह आयोजन अब तक का सबसे भव्य कुम्भ मेला होगा। आध्याश्री इंफोटेनमेंट की शाखा श्रेयस



मीडिया, जिसने मीडिया और इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र में लगातार इनोवेशन और बाजार की गतिशीलता की गहरी समझ के जरिए क्रांति लाई, अपने फाउंडर और चेयरमैन जी. श्रीनिवास राव के दूरदर्शी नेतृत्व में ब्रांड्स को अधिकतम दृश्यता प्रदान करने के लिए अनुभव और विशेषज्ञता का उपयोग करेगी। श्रीनिवास राव, फाउंडर और चेयरमैन, श्रेयस ग्रुप ने कहा, महाकुंभ मेला 2025 आध्यात्मिकता और वाणिज्य को एकजुट करने वाला एक अद्वितीय आयोजन है। हम अपने विशेषज्ञता को मेले के पैमाने के साथ मिलाकर ब्रांड्स को एक विशाल और विविध दर्शकों के साथ जुड़ने का अद्वितीय अवसर प्रदान करेंगे। हमारा काम केवल विज्ञापन तक सीमित नहीं है; हम अपने पार्टनर्स के लिए विसिबिलिटी, एंगेजमेंट और रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट को अधिकतम करने के लिए स्टार्टेजी प्रदान करते हैं। श्रेयस मीडिया महाकुंभ में प्रभावशाली विज्ञापन अवसर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें स्ट्रेटेजिक रूप से प्लेस किए गए होर्डिंग्स, गैन्ट्री बॉक्स, वॉच/मीडिया टावर, करंट पोल ब्रांडिंग, चार्जिंग स्टेशन, स्काई बैलून आदि शामिल हैं।

